हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 24 नवंबर 2024

















## खबर संक्षेप

### गंदगी फैलाने वालों पर लगा जुर्माना



**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 सुपेला मार्केट में विभिन्न व्यवसायरत व्यवसासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं व्यवसाय परिसर के फल ठेलों में गंदगी मिली। इन लोगों द्वारा गीला व सूखा कचरा अलग नहीं कर रहे थे।ठेले-खोमचों में जांच की गई। यहां के दुकानों में भी जांच के बाद निगम की टीम ने कार्रवाई की। ऐसे लोगों से निगम ने 2570रुपए का चालानी कार्रवाई की है। विगत दिनों आयुक्त राजेश पांडेय ने जोन क्षेत्र के बाजारों का जायजा लिया था। इस दौरान मार्केट में व्यवसायी कचरा और गंदगी फैलाते मिले। आयुक्त ने चेतावनी दी थी कि यदि जानबूझकर कचरा फेका गया मिला तो उस क्षेत्र में सफाई नहीं की जाएगी। हालात को देखते हुए आयुक्त ने निगम की टीम को जांच के लिए भेजा। जांच के दौरान गंदगी फैलाने वाले मिले जिन्हें नोटिस भी दिया और वसूली भी की गई।

### नगरीय निकाय कर्मियों का हड़ताल स्थगित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय एडे ने जारी बयान में कहा है कि मेरे द्वारा छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया गया है। इसलिए हड़ताल आगे जारी रखना या स्थगित करने का निर्णय सभी जिलाध्यक्ष आपसी समन्वय स्थापित तय कर सकते हैं। महासंघ के आव्हान पर 19 नवंबर से जिला स्तरीय हड़ताल का आयोजन किया गया था। जिसमें 14 नगर पालिक निगम में से केवल 3 नगर निगम ही हड़ताल पर बैठे थे। बाकी 11 ननि अपने सभी कार्य में हाजरी दे रहे थे। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से केवल 16 जिलों में ही हड़ताल हो रहा था। मौजूदा स्थिति को देखते हुए हड़ताल को स्थगित किया गया।

## भिलाई व रिसाली क्षेत्र के आधे वार्डों में नहीं आएगा 26 नवंबर को पानी

# फिल्टर प्लांट में आई तकनीकी खराबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के 66 एम.एल.डी जलशोधन संयंत्र में 800 एम.एम. डाया के स्लूस वाल्व खराब हो गया है। वर्तमान में जिसे डायरेक्ट कर जल प्रदाय किया जा रहा है। वाल्व संधारण करने के लिए भिलाई निगम शटडाउन करेगा। जिसकी वजह से 26 नवंबर को भिलाई और रिसाली क्षेत्र के कई वार्डों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाएगी।

### सुधारने में लगेंगे दस घंटे

फिल्टर प्लांट में जो खराबी आई है उसे सुधारने में 8 से 10 घंटे लगेंगे। इसलिए शटडाउन 25 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक शटडाउन लिया जाना है। इस दौरान संधारण कार्य शुरू कर देंगे लेकिन शाम पाली में टंकियों से पानी देना भी मुश्किल होगा। इसलिए शाम पाली की व्यवस्था भी लोगों को करनी होगी।



### आए दिन फिल्टर प्लांट में तकनीकी दिक्कत

भिलाई निगम के 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में तकनीकी दिक्कत आना आए दिन की बात हो गई है। इसके पहले भी ट्रांसफार्मर में समस्या और प्लांट में तकनीकी दिक्कतें आती ही रही है। कभी मेन पाइप लाइन संधारण तो कभी और कोई फाल्ट आते ही रहे हैं। जिसकी वजह से पेयजल से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी है। सामान्य सभा में पार्षद भी इस मुद्दे को उठाते रहे हैं लेकिन स्थाई समाधान नहीं हो पाया है।

### रिसाली निगम नहीं बना है आत्मनिर्भर

रिसाली निगम उधारी के पानी पर काम चला रहा है। यानी अब तक यह निगम भिलाई निगम के 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से पानी ले रहा है और वार्डवासियों को पिला रहा है। पिछली छत्तीसगढ़ सरकार ने रिसाली निगम के लिए 100 करोड़ रुपए से फिल्टर प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई लेकिन यह मूर्त रूप नहीं ले सका। सरकार बदलने के बाद भी यह योजना अधिकारियों की दिलचस्पी नहीं लेने की वजह से यूं ही लंबित है। राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली गई है। जब भी भिलाई के फिल्टर प्लांट में दिक्कतें आती है रिसाली की जनता को भी पानी के लिए जूझना पड़ता है।

### रिसाली निगम में यहां नहीं आएगा पानी

रिसाली निगम क्षेत्र के अंतर्गत रूआबांधा, मरोदा, नेवई, रिसाली में आंशिक रूप से जलप्रदाय प्रभावित रहेगा। वैसे भिलाई एवं रिसाली क्षेत्र के निवासियों से भिलाई निगम प्रशासन ने अपील की है कि शटडाउन के एक दिन पूर्व अपने घरों में पानी पर्याप्त मात्रा में भरकर रखें। जिससे शटडाउन होने पर पानी की समस्या न हो। संधारण कार्य पूर्ण हो जाने उपरांत पूर्व की भांति पेयजल आपूर्ति चालू कर दी जावेगी।

### भिलाई के इस एरिया में पेयजल नहीं

नगर पालिक निगम भिलाई के नेहरू नगर, स्मृति नगर, खम्हरिया, स्लाटर हाउस एवं फरीद नगर क्षेत्र की पानी टंकी नहीं भरी जा सकेगी। इसलिए इस एरिया के करीब 80 हजार लोगों को पेयजल के लिए जूझना पड़ेगा। पहले भी फिल्टर प्लांट में आई खराबी की वजह से इस एरिया के लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ी है।

# खड़ी ट्रक से टकराई कार एक की मौत, सात घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



बीती रात दुर्ग बाईपास उरला पुल के पास खडी ट्रक के पीछे एसयूव्ही कार टकरा गई। इस घटना के बाद पेट्रोलिंग पुलिस की बडी लापरवाही सामने आई हैं। दो से तीन दिनों तक खराब खडी इस ट्रक में कोई संकेत नही लगाए गए थे, वहीं ट्रक में रेडियम पट्टी भी नही था। इस बीच एसयूव्ही कार के ड्राइवर ने ओव्हर टेक किया और सामने खडी ट्रक को देख नही पाया। जिसके चलते कार टकराई और सात लोग घायल हो गए, वहीं ड्राइवर की आन द स्पाट मौत हो गई। हाईवे में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी हाईवे पेट्रोलिंग की होती है। अगर ट्रक दो से तीन दिनों तक सडक किनारे खराब खडी थी तो उसके आसपास घेरा क्यो नही बनाया और ट्रक में रेडियम पट्टी भी नही लगी थी। घटना में शुक्रवार शाम करीब सात बजे की हैं। मोहननगर थाने की पुलिस ने बताया कि, महाराष्ट्र के बीड से जगन्नाथपुरी दर्शन के लिए पंडित परिवार जा रहा था। एसयूव्ही कार 23 एडी 1132 हाईवे सडक के किनारे खडी हाईवा ट्रक सीजी 04जी 4681 के पीछे टकरा गई। टक्कर की आवाज से वहां आसपास के लोग पहुंच गए थे। जहां 102 को सूचना देने पर घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, वही कार में फंसे ड्राइवर को क्रेन से निकाला गया। पुलिस के अनुसार जिला अस्पताल से सात लोगों को चंदूलाल मेडिकल कालेज के लिए रिफर किया गया था। वहां से सिरियल दो लोगों को शंकराचार्य में भर्ती किया गया, जिन्हें आईसीयू में इलाज किया जा रहा हैं। हादसे में ड्राइवर अभिमान सार राव प्रभाले की मौके पर ही मौत हो गई, वही सुनीता पंडित (58 साल), लक्ष्मीकांत पंडित (69 साल), रेडियोलॉजिस्ट, रितुजा पंडित (26 साल), बच्चा अनिरुद्ध पंडित (3 साल) हेमा पंडित (45 साल) प्रदीप पंडित (53 साल) अविनाश पंडित (32 साल) घायल हो गए थे। जिनका इलाज जारी हैं।

# गैंगस्टर अमित का सहयोगी दादर-हवेली से हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेक्टर-6 निवासी कुख्यात अपराधी अमित जोश को भागने में सहयोग करने वाला अभिषेक कुमार पिता देवेश कुमार (31 वर्ष) गिरफ्तार कर लिया है। वह मूलतछ एआरव्ही रिवरडेल सिलवासा दादर नगर हवेली का रहने वाला है। पुलिस को घटना के बाद से ही अभिषेक की तलाश थी। अमित जोश के एनकाउंटर के बाद से वह फरार चल रहा था। इस मामले में पुलिस ने अमित जोश का सहयोग करने वाले आरोपी शंकर भाट को भाटपारा और रूपेश सिंह को औरंगाबाद बिहार से गिरफ्तार किया गया है। बहरहाल इस मामले में पुलिस की जांच चल रही है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रमनजीत पिता अवतार सिंह विश्रामपुर सुरजपुर ने भिलाई नगर में शिकायत की थी कि वह अपनी नानी के अंत्योष्टि कार्यक्रम में शामिल होने सूरजपुर से वैशालीनगर आया हुआ था, जो अपने दोस्त आदित्य सिंह एवं सुनील यादव जो सुरजपुर के रहने वाले हैं। पढ़ाई करने भिलाई में आए हुए हैं। जुनवानी में रहते हैं। उनसे मिलने आाया था। भिलाई घुमने सभी साथ में मोटर साइकिल से जुनवानी से सिविक सेन्टर गए थे। लौटते समय करीब 1:20 बजे सेन्ट्रल एवेन्यू रोड सेक्टर 10 पुलिया के पास पीछे से



मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति एवं कार में 2 व्यक्ति आए। गाली क्यों बक रहे हो कहकर मां-बहन की गाली देने लगे। भिलाई शहर मुझे जानता है अमित जोश नाम है। कहते हुए अपने कमर से पिस्टल निकाली और 2-3 फायर किए। इससे सुनील यादव के बााएं हाथ एवं आदित्य सिंह के पेट के बाएं तरफ गोली लगी। पुलिस ने धारा 307, 34 भादवि, 25 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

### एनकाउंटर में मारा गया गैंगस्टर अमित

इस मामले में फरार चल रहे आरोपी बारी-बारी से पकड़े गए। अमित पुलिस से भागने के दौरान मारा गया। इस दौरान उसने पुलिस पर गोली भी चलाई। जवाब में पुलिस की गोलीबारी में उसकी मौत हुई। मामले में संलिप्त आरोपी डॉगी, अंकुर एवं यशवंत को गिरफ्तार किया गया। अमित जोश को फरारी में सहयोग करने वाले व्यक्तियों के बारे में पता चलने पर आरोपी डी संतोष राव निवासी भाटापारा, शंकर भाट निवासी भाटापारा एवं आरोपी रूपेश सिंह निवासी खुर्सीपार को चिन्हित किया।






## स्मृतिनगर चौकी में धोखाधड़ी का मामला

# डॉ. खंडूजा के खिलाफ एक और जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद बीएसआर अपोलो हॉस्पिटल स्मृति नगर के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ. एमके खंडूजा के खिलाफ स्मृति नगर चौकी पुलिस ने एक और धोखाधड़ी और व्यवसायिक विश्वासघात करने के मामले में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी डॉ. खंडूजा ने अपोलो बीएसआर हॉस्पिटल में निवेश करने पर अधिक ब्याज का झांसा दिया। जब निवेशकों ने रकम इनवेस्ट किया तो उनकी रकम को गबन किया और अस्पताल को बेचकर भाग गया था। निवेशकों की शिकायत पर जांच के बाद अमानत में खयानत का मामला पंजीबद्ध किया है।स्मृति नगर चौकी प्रभारी वंदिता पानिकर ने बताया कि सुपेला राधिका नगर निवासी बीएसपी से सेवानिवृत्त शारदा प्रसाद सिन्हा (71 वर्ष) ने शिकायत की। आरोपी नेहरु नगर ईस्ट निवासी डॉ. एमके खंडूजा से उसका परिचय था। उसने और मैत्री कुंज निवासी अपने मैनेजर राजेश राय के माध्यम से ठगी की दुकान खोलकर झांसा दिया। उसने विश्वास दिलाया कि अपोलो बीएसआर हॉस्पिटल का मालिक हूं। बीएसआर हेल्थ वेंचर प्राइवेट लिमिटेड नया व्यवसाय विकसित कर रहा है, जिसमें इनवेस्ट करने पर 15 प्रतिशत का लाभांश देगा। उसके झांसे में आकर 5 लाख रुपए इनवेस्ट कर दिया। इसके अलावा उसके अन्य साथियों ने भी 1 करोड़ 6 लाख 90 हजार रुपए निवेश कर दिया। लेकिन आरोपी डॉ. एमके खंडूजा सभी निवेशकों की रकम नहीं लौटाया। जब उससे पैसे मांगने जाते थे। वह अपोलो हॉस्पिटल बेच कर निवेशकों की रकम लौटाने का वादा किया, लेकिन इस बीच पता चला कि वह अस्पताल को किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दिया और यहां से फरार हो गया। मामले की जांच के बाद आरोपी डॉ. एमके खंडूजा के खिलाफ धारा 420, 409, 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### इन निवेशकों को लगाई चपत

टीआई ने बताया कि आरोपी डॉ. एमके खंडूजा ने बीएसआर हॉस्पिटल को बेच दिया। बीएसआर हेल्थ वेंचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी खोल लिया, जिसमें रकम निवेश कराया। निवेश करने में पीवीएन राव ने 4 लाख 50 हजार, दीपक केशरवानी 2 लाख, मानसिंह राठौर 4 लाख, मनमोहन श्रीवास्तव 8 लाख, दिनेश कुमार 7 लाख, बिंदुलता 3 लाख, बेनीराम विश्वकर्मा 6 लाख, ललीत कुमार 8 लाख, के लक्ष्मी 3.5 लाख, दीपिका 2 लाख, के विजय लक्ष्मी 1 लाख, दिलीप चंद्राकर 5 लाख, एमआर गावर्डे 5.5 लाख, कुसुम कोरी 4 लाख, शांति देवी देवांगन 4 लाख, शशि देवांगन 3 लाख, नंदकुमार 1 लाख, मूलचंद जैन 4 लाख, प्रेमलाल मेश्राम 5 लाख, आशाराम 6 लाख, किशन लाल 1 लाख, विरेन्द्र गुप्ता 2.40 लाख, राम मूर्ति भंडारी 6 लाख, प्रवीण भंडारी 5 लाख, रवि भंडारी 1 लाख और अन्य निवेशकों से चेक व नकद रकम लेकर इनवेस्ट कराया है।

**जेल में बंद है डॉ. एमके खंडूजा:** टीआई ने बताया कि संतोष रुंगटा ग्रुप के डायरेक्टर से अस्पताल का सौदा किया था। उससे भी एडवांस राशि 19 लाख 40 हजार रुपए ले लिया और अस्पताल को किसी दूसरे व्यक्ति को बेचकर धोखाधड़ी की। इस मामले में जांच करने के बाद फरार आरोपी डॉ. एमके खंडूजा को हैदराबाद से गिरफ्तार कर लाया गया। न्यायिक रिमांड पर वह जेल में है। एक दिन पहले यानी शुक्रवार को दुर्ग न्यायालय ने उसकी जमानत याचिका भी खारिज कर दी थी।

# 11 सोसाइटियों में अध्यक्ष नियुक्ति के बाद मिले सांसद बघेल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

भाजपा दक्षिण पाटन मंडल के 11 सोसायटियों में भाजपा के अनुभवी नेताओं को सोसायटी अध्यक्ष नियुक्ति के बाद नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्षों ने शुक्रवार को सासंद विजय बघेल और भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किए। इसी कड़ी में नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्षों का समूह शनिवार को भाजपा दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू के निवास पहुंचकर आभार व्यक्त किए। आभार व्यक्त करने वालों में सोसायटी अध्यक्ष कमलेश साहू बेलहारी,भगवान चंद्राकर जामगांव आर,राजेश बंछोर भरर ,नारद साहू सुरपा, रूपसिंह सिन्हा बेलहारी ,संजय चंद्राकर गाड़ाडीह ,दानीराम वर्मा कुर्मीगुंडरा ,बेनीराम साहू निपानी ,योगेश्वर साहू रानीतराई शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा नेता मेघनाथ सागरवंशी, राजेश साहू, संजू साहू आदि उपस्थित रहे।

## सोसाइटी अध्यक्ष आमजनता और पार्टी की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएं: लालेश्वर

### जनता के हित में हो रहे काम

मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि प्रदेश में पिछले पंचवर्षीय कांग्रेस सरकार और उनके नुमाइंदों से आम जनता पीड़ित थी। प्रदेश में भाजपा विष्णुदेव सरकार आने के बाद दहशत का वातावरण खत्म हुआ है। उन्होंने कहा कि उस काल में हमारे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रताड़ना के बहुत दंश झेले है। प्रदेश में आतंक का अंधेरा हटा और चहूं ओर अमन शांति का प्रकाश फैला है। मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि भाजपा विकास सहयोग के लिए आम जनता के प्रतिनिधि है। आगामी चुनावों में भी अपनी सक्रिय भागीदारी आमजनता और पार्टी हित का ध्यान रखते हुए जन सेवा में द्रुतगति से सक्रिय हो जाए ।



### नवनियुक्त सोसाइटी अध्यक्षों का किसानों से है अच्छा संबंध

किसान मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि अनुभवी भाजपा किसान पुत्र नेता सोसायटी अध्यक्ष बने है निश्चित तौर पर किसानों को भरपूर लाभ मिलेगा। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि कोई भी किसान बड़ी आसानी से अपनी समस्याएं नव नियुक्त सोसायटी अध्यक्षों के पास रखकर हल पा सकते है। सहकारिता प्रकोष्ठ जिला सदस्य भगवान चंद्राकर ने कहा कि वैसे भी किसान पहले से ही नवनियुक्त अध्यक्षों से संबंध है। अपनी समस्या आने पर त्वरित माकूल हल निकल जाएगा।

## अंचल की खबरें

### शाला सिरसिदा में बनाया गया वॉटर हार्वेस्टिंग



**अंडा।** पीएमश्री शाप्रा. शाला सिरसिदा में भूजल की गुणवत्ता एवं मात्रा में सुधार के लिए वर्षा जल संचयन अर्थात वाटर हार्वेस्टिंग बनाया गया। इससे शाला परिसर जल और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से प्राकृतिक जल का इस्तेमाल बढ़ता है और स्वच्छ पीने योग्य पानी बचता है। शाला भवन में शासन की योजना अनुसार वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए विभाग के उच्च अधिकारियों डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, एपीसी ख़ुरश्याम, विख शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव, सहा.विख शिक्षा अधिकारी के आर साहू, श्रद्धा ठाकुर, बीआरसी किशोर कुमार साहू,संकुल समन्वयक शैलेन्द्र पांडे का विशेष सहयोग रहा। पीएमश्री शास. प्राथ . शाला सिरसिदा के प्रधान पाठक धनेश्वरी साहू, दशेन्द्र कुमार साहू, गीतिका देशमुख, चंदूलाल ठाकुर आदि मौजूद थे।

### बच्चों को गुड-टच और बेड-टच की दी जानकारी



**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला मटंग में विधिक जागरुकता शिविर के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय दुर्ग के तहत सामाजिक जागरूकता को ध्यान में रखते हुए बच्चों को गुड टच एवं बैड टच की जानकारी दी गई। सामाजिक कार्यकर्ता राधिका साहू ने स्कूल के बच्चों को उनके आसपास होने वाले विभिन्न घटनाओं के बारे विस्तार से बताते हुए गुड टच व बेड टच के सम्बन्ध में जानकारी दिया। इसका एक मात्र उद्देश्य बाल यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता फैलाना। प्रधान पाठक एमके मिथलेश ने भी बच्चों को अपने सुरक्षा करने विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। वहीं मोबाइल वीडियो के जरिए गुड और बेड टच क्या होता है, इससे कैसे बचाव करें, इसकी जानकारी भी छात्राओं को दी गई।

### रूपसिंह सिन्हा ने ग्रहण किया पदभार




**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति बेल्हारी के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी रूपसिंह सिन्हा ने शनिवार को पदभार ग्रहण किए। पदभार ग्रहण समारोह के मुख्यातिथि दक्षिण पाटन मंडल भाजपा अध्यक्ष लालेश्वर साहू थे। मुख्य अतिथि लालेश्वर साहू ने सिन्हा को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रबंधक भूषणलाल ने संचालन किया। समारोह में मनीष चंद्राकर, नेतराम निषाद, योगेश्वर चंद्राकर, नारद साहू, रोमलाल साहू, रामसिंग बंसोड़, अमित अग्रवाल, गौतम प्रसाद शुक्ला, संतोष मार्कण्डेय, अंकित शुक्ला, राकेश प्रजापति, सुरेश कुर्रे,जयंत सिन्हा, सुनिल चंद्राकर, केशव राम ठाकुर, देव प्रजापति, हीरालाल साहू, शेषनारायण सिन्हा, मनीष सिन्हा, विश्वनाथ साहू, ओमकेश्वर साहू, धनंजय साहू आदि उपस्थित थे।

### धान खरीदी में बरती जा रही भारी अनियमितता



**अंडा।** उपाध्यक्ष प्रदेश श्रम कल्याण केशव बंटी हरमुख ने आरोप लगाया है कि इस वर्ष धान खरीदी में काफी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी का निर्णय लिया है। इसका मतलब है कि सरकार धान खरीदी 14 दिन कम करेगी, जबकि पंजीकृत किसानों की संख्या में इस वर्ष काफी वृद्धि हुई है। वहीं केंद्र सरकार द्वारा 117 रुपए की समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की गई है, जिसका कोई लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। पूर्व कांग्रेस की सरकार समर्थन मूल्य की वृद्धि को अलग से बढ़ा कर देती आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा एक मुश्त 3100 रूपए प्रति क्विंटल देने की बात कही थी, जिसे उन्होंने मोदी की गारंटी बताया था, जबकि किसानों को 2300 के भाव से धान की कीमत मिल रही है। इससे किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। हरमुख ने आरोप लगाया कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन की व्यवस्था चरमरा सी गई है। ऑनलाइन टोकन कट नहीं रहा है। वहीं किसान सोसाइटियों में टोकन कटवाने के लिए सब काम छोड़कर खड़े हैं।

## खबर संक्षेप

### लोकार्पण व भूमिपूजन आज ग्राम कुथरेल में

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन 24 नवम्बर को दोपहर 12 बजे किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर, अध्यक्षता श्रम कल्याण मंडल छग शासन उपाध्यक्ष केशव (बंटी) हरमुख करेंगे। विशेष अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य जिला पंचायत माया बेलचंदन, जिपं सभापति योगिता चन्द्राकर, पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज अश्वनी चन्द्राकर आदि होंगे। ग्राम पंचायत कुथरेल सरपंच राजश्री चंद्राकर, उपसरपंच लोमश (रिंकू) चंद्राकर, सचिव कमलनारायण साहू होंगे। मितानिन सम्मान व प्रतिभावान विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्कूली बच्चे अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। कार्यक्रम में कुथरेल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। विशेष रूप से उन छात्रों का सम्मान होगा जिन्होंने अच्छे अंक से परीक्षा उत्तीर्ण की है।

## निधन

### राधिका रमन मिश्रा



**भिलाई।** रिसाली निवासी राधिका रमन मिश्रा का आकस्मिक निधन 22 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में किया गया। वे बीएसपी के भूतपूर्व कर्मचारी थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। पत्नी निर्मला मिश्रा, पुत्र मयंक मिश्रा, आशीष मिश्रा एवं रमेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, सुरेश मिश्रा, रवि मिश्रा के बड़े भाई थे।

### सुभाष बाकलीवाल



**दुर्ग।** हठरी बाजार निवासी सुभाष बाकलीवाल का निधन हो गया। वे मोतीलाल बाकलीवाल के पुत्र थे। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में शनिवार को दोपहर ढाई बजे किया गया। वे अभिषेक के पिता एवं इंदरचंद, अशोक कुमार, प्रदीप बाकलीवाल के बड़े भाई थे।

## सांस प्रोग्राम के तहत निमोनिया के प्रति लोगों को किया जागरूक

# बढ़ती ठंड से शिशुवती माताओं में निमोनिया का बढ़ा खतरा, बचाव के बताए गए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

ठंड ने प्रदेश में दस्तक दे दी है। मौसम के बदलाव से मौसमी बीमारी आता है। नवजात शिशुओं को ठंड में निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। वयस्क लोगों में भी सांस और सर्दी-जुकाम, खांसी जैसे रोग बढ़ने लगते है। ग्राम पहन्डोर आंगनबाड़ी केंद्र में शिशुवती माताओं को सांस प्रोग्राम के तहत निमोनिया के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी खंड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि ठंड के दिनों में नवजात शिशुओं की देखभाल बड़ी जरूरत होती है। पैदा होते शिशु से लेकर 5 साल तक बच्चों में निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। शिशुवती माताओं को शिशुओं को गर्म कपड़े में रखने,घरों में लकड़ी का चूल्हा नहीं जलाने, शाम के समय खिड़की दरवाजे बंद रखने, नवजात शिशुओं को फर्स पर नंगे पैर ना चलने देने, स्वयं मां को भी गर्म कपड़े, मौजे का उपयोग, शिशुवती माताओं को कुनकुना पानी सेवन इत्यादि करने से तथा नवजात शिशुओं को टीकाकरण कराकर प्रतिरोधक क्षमता पैदा करने से बहुत हद तक निमोनिया से बचा जा सकता है।



### निमोनिया के लक्षण रखे ध्यान

आरएमएनसीएच कंसल्टेंट डॉ. रश्मि भौंसले व शोभिका गजपाल ने बताया कि ठंड के दिनों में धूल, धुआ सतह में नीचे रहते हैं इसलिए घरों में कमरों में भर जाता है इसलिए शाम के टाइम खिड़की दरवाजे बंद करने कहा जाता है। निमोनिया फेफड़ों का संक्रमण है जो सांस की गति पर निर्धारित करता है। इसलिए इस कार्यक्रम का नाम चैन की सांस लेगा बचपन जब हम पहचाने के निमोनिया के लक्षण रखा गया है। कार्यक्रम में बीईईटीओ सैय्यद असलम, एलएचव्ही आर विश्वास स्वास्थ्य संयोजिका वेगु गवेल, नीना चक्रवर्ती, मितानिन साथियों एंव शिशुवती माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डॉक्टरों ने दिए टिप्स

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ,खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.भुनेश्वर कठौतिया ने संयुक्त रूप से अभियान के संबंध में जानकारी दी कि जितने जल्दी माताएं अभिवावकों को उसके लक्षण पता एवं पहचान होने से तुरंत उपचार हो सकता है। शिशु को गंभीर निमोनिया से बचाव हो सकता है। तेज सांसें चलना,पसली का धसना, शिशु का कुछ खाना पीना नहीं, सुस्त रहना, इसलिए आयु अनुसार शिशु की सांस लेने की प्रतिमिनट अनुसार जानकारी माताओं को दीं जा रही है।

# साफ-सफाई और नशामुक्ति पर बौद्धिक परिचर्चा, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

■ माता कर्मा महाविद्यालय सात दिवसीय शिविर




ग्राम डंगनिया में राष्ट्रीय सेवा योजना माता कर्मा महाविद्यालय का सात दिवसीय विशेष शिविर साहित्यिक परिचर्चा साहित्यकारों के द्वारा शिविर के चतुर्थ दिन मेरा युवा भारत के थीम को लेकर परियोजना कार्य में तालाब सौंदर्य करण ग्राम पंचायत की साफ-सफाई, नशा उन्मुक्त रैली, बौद्धिक परिचर्चा सत्र में राष्ट्रपति पुरुस्कृत सीताराम स्याम ,राज्यपाल पुरुस्कृत भुवन सिन्हा ,और दुर्ग विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक डॉ.जैनेन्द्र दिवान ,भुनेश्वर साहू का आगमन सीता राम स्याम ने छात्रों के हौसला बढ़ाते हुए ,चरित ,संस्कृत,स्वस्थ रहने का संदेश दिया,भुवन ने विभिन्न बीमारियों का इलाज घरेलू विधि से दवाई बनकर प्रयोग किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.जैनेंद्र दीवान ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न तकनीकों बताया।

डॉ. लीना साहू जिला संगठक बालोद ने कहा कि मेरा युवा माय भारत के लिए युवा विषय में बात कहीं। छात्रों के द्वारा संस्कृति शिक्षाप्रद नाटक का मंचन कार्यक्रम का आयोजन किया गय। जिसमें गांव के लोगों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर गांव के सरपंच टिकेश्वर साहू ग्राम परसदा के सरपंच कुलदीप साहू सहित समस्त पंच उसस्थित रहे। सांथ ही शिविर संचालक राष्ट्रीय सेवा योजना ,कार्यक्रम अधिकारी डिगेन्द्र साहू का छात्रों के कार्य का प्रांशसा किये इस कार्यक्रम में श्री कौशल गजेंद्र वरिष्ठ स्वयंसेवक देवेंद्र साहू शिविर नायक रुद्र कुमार रोशन कुमार कुमकुम देशमुख मेघा रुचि यशस्वी कुणाल माधुरी का विशेष योगदान है।




## सुरक्षा संगोष्ठी व मितानिन का सम्मान समारोह

# गैस चूल्हे जलाते समय रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरडीह में स्वदीप इण्डेन रिसाली एवं अंजोर इण्डेन उमरपोटी के संयुक्त तत्वावधान में इण्डियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड अंतर्गत एलपीजी सुरक्षा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वदीप इण्डेन रिसाली के स्वदीप कुजूर ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों को गैस उपयोग करते समय ध्यान रखने वाली सावधानियों के साथ-साथ सही तरीके से सिलेंडर रखना, पाइप व सिलेंडर का जीवित दिनांक देखना, चूल्हा व सिलेंडर का नॉब ऑन ऑफ करने जागरूक रहने और अपने परिवार के सदस्यों को भी सतर्क रहने, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किये। अंजोर इण्डेन उमरपोटी से विमल कुमार पिसदा ने चूल्हे व सिलेंडर को सही जगह पर रखने, चूल्हा जलाते समय पहले माचिस की तीली जलाने व गैस की दुर्गंध महसूस होने पर तुरन्त करने वाले गतिविधियों के विषय में टोल फ्री नंबर 1906 के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। शिक्षक पोषण मारकण्डे ने एलपीजी के सुरक्षित उपाय अभियान को सफल बनाने अपने साथ-साथ परिवार तथा अपने आस-पड़ोस को हमेशा जागरूक रहने का आह्वान करते हुए इस सुरक्षा संगोष्ठी सफल बनाने जागरुक रहने कहा। स्वदीप इण्डेन रिसाली एवं अंजोर इण्डेन उमरपोटी द्वारा उपस्थित सभी बच्चों को चॉकलेट एवं शिक्षकों को पेन वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक, शिक्षकगण, बच्चे, प्रेरक, मितानिन, रसोइया एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मितानिन का सम्मान

मितानिन दिवस के अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ललित कुमार कुर्रे, सदस्य मेघूराम मधुकर व प्रधान पाठक गिरधर लाल चेलक के करकमलों द्वारा प्रेरक प्रमिला विश्वकर्मा, मितानिन विमला महिपाल, पुष्पा जांगड़े, ऊल्फी बंजारे, डिलेश्वरी साहू, शकुन भारती, शैलेन्द्री गायकवाड़ का श्रीफल व पेन से सम्मानित किया गया। प्रेरक प्रमिला विश्वकर्मा ने टीबी, मोतियाबिंद, कुष्ठरोग, डेंगू, मलेरिया, बुखार, फाइलेरिया, गर्भवती महिला व नवजात शिशु का देखभाल, बच्चे के जन्म के 10 वर्ष तक फाओअप करना, बालिकाओं के माहवारी की जानकारी सहित विभिन्न रोगों से बचाव के सावधानियों के विषय में विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में शिक्षकगण सुरेखा मंडावी, ममता सिन्हा, ज्योति देवांगन, जागृति मारकंडे, बाल केबिनेट के सदस्य नीलिमा बंजारे, जेसिका बंजारे, चन्द्रा, निहारिका कुर्रे, भाविका यादव, टिकेश्वरी, काव्या कुर्रे, कशिश उइके, प्रशांत चेलक, भावेश, कबीर साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता झारिया, रसोइया, सफाई कर्मचारी केवरा बाई, रसोइया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक जीएल चेलक, एवं संचालन शिक्षक पोषण मारकंडे ने किया।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
130+ CENTRES PAN INDIA
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने ठेका एजेंसी की वसूली पर जताया असंतोष

# राजस्व वसूली केवल 20 फीसदी, बकायादारों की होगी संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वित्तीय वर्ष समाप्त होने के लिए केवल तीन महीने की बाकी है और भिलाई निगम राजस्व वसूली केवल 20 प्रतिशत की कर पाई है। नए आयुक्त राजीव पांडेय ने राजस्व वसूली की समीक्षा की तो यह खुलासा हुआ। राजस्व वसूली की स्थिति बेहतर नहीं होने पर आयुक्त ने ठेका एजेंसी के कार्य को असंतोषप्रद बताया और उन्हे रणनीति बनाकर राजस्व वसूली बढ़ाने की हिदायत दी है। जिन लोगों का टैक्स ज्यादा बकाया है वैसे लोगों की सूची बनाने और आगे की कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। जरूरत पड़ने पर नोटिस जारी करने और संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी की जाएगी।



### इस तरह टैक्स वसूली की बनी रणनीति

#### घर-घर जाकर करें वसूली

आयुक्त राजीव पांडेय ने एजेंसी को निर्धारित लक्ष्य दिया है कि अपनी वसूली बढ़ाएं। इसके लिए घर-घर जाएं और संपत्ति करदाताओं से संपर्क करें। संपत्ति कर मिलेगा तो शहर का विकास होगा। प्रत्येक वार्ड के हिसाब से एजेंसी को अपने प्रतिनिधि को नियुक्त करना है। उनके ऊपर से सुपरवाइजर होगा। प्रत्येक व्यक्ति के पास आइडेंटी कार्ड होगा। एजेंसी के लोग संपत्ति करदाताओं के घर जाएंगे। उनसे संपर्क करेंगे।

#### डिमांड नोट करें जारी

आयुक्त ने कहा कि लोगों के घरों में जाकर डिमांड नोट देंगे। उसके बदले में संपत्ति कर प्राप्त करके और उन्हें रसीद प्रदान करेंगे। अधिक से अधिक संख्या में राजस्व वसूली बढ़ानी है। जो भी पुराने बकायेदार हैं समय पर संपत्ति कर जमा करें। जमा नहीं करने पर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नोटिस के अलावा उनके संपत्ति की कुर्की भी की जाएगी। आयुक्त ने पुराने फाइलों को मंगाकर नियम कंडिका को जांच किया फिर आवश्यक निर्देश भी दिए।

#### दो प्रतिशत की छूट दें

आयुक्त पांडेय ने कहा कि संपत्ति कर जमा करने पर अभी 2 प्रतिशत का छूट दें। इसके बाद 18 प्रतिशत का ब्याज लगेगा इसकी जानकारी भी दें। भू स्वामी अपने संपत्ति का स्ववरणी भर सकते हैं। सब विवरणी ठीक-ठीक से भरे, संपत्ति ज्यादा होने पर यदि का कम भरा जाएगा और जांच के बाद पता चलेगा तो उसे संपत्ति का पांच गुना अधिभार आरोपित किया जाता है। इसलिए संपत्ति करके सही विवरण संपत्ति कर में अंकित करें।

#### कंपंनी को हर महीने करना है 7 प्रतिशत टैक्स वसूली

भिलाई नगर निगम भिलाई क्षेत्र में विकास कार्यों को करने के लिए राजस्व की आवश्यकता है। इसको बढ़ाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा संपत्ति कर वसूली के संबंध में बैठक ली गई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में संपत्ति का वसूली का कार्य मेसर्स श्री पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड संस्था द्वारा किया जा रहा है। जिसके द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई संतोषजनक नहीं पाई गई। अभी लगभग 20 परसेंट तक की वसूली हुई है। जबकि प्रत्येक महीने 7 प्रतिशत वसूली करना था।



#### पांच गुना अधिरोपण

आयुक्त ने कहा कि जांच के द्वारा गलत पाए जाने पर पांच गुना अधिकार आरोपित किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संपत्ति करदाता की की होगी। संपत्ति कर 31 मार्च 2025 तक के बाद जमा करने पर 18 परसेंट ब्याज अधिकार देय होगा। इससे बचना है तो समय पर संपत्ति कर समय अवधि में जमा करें। नगर निगम भिलाई में अवकाश अवधि में सभी जोन कार्यालय, मुख्य कार्यालय में संपत्ति कर का काउंटर खुला हुआ है वहां पर संपत्ति करदाता आकर स्वयं संपत्ति कर जमा सकते हैं। ऑनलाइन की भी सुविधा उपलब्ध है। अपने आईडी के माध्यम से ऑनलाइन जमा करके संपत्ति कर की रसीद प्राप्त कर सकते हैं।बैठक के दौरान उपयुक्त नरेंद्र बंजारे, प्रोगामर दीप्ति साहू, सहायक अधीक्षक भैयालाल असाटी, मेसर्स श्री पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड से के अधिकारीगढ़ उपस्थित रहे।

## कैरी बैग में गांजा लेकर बेचने के फिराक में घूम रही महिला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

एसीसीयू और खुर्सीपार पुलिस ने कैरी बैग में गांजा लेकर बेचने की फिराक में घूम रही महिला को पकड़ा। महिला का नाम बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी बी भवानी पति कुमार राव (40 वर्ष) बताया गया है। उसके पास से करीब 12 हजार रुपए कीमत का 2 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने महिला को एनएवी रोड पर गांजा बेचते पकड़ा। उसके विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

- खुर्सीपार पुलिस की कार्रवाई, 12 हजार कीमत का गांजा जब्त

पुलिस ने बताया कि नशे के कारोबारियों की धरपकड़ लगातार की जा रही है। नशे के कारोबारियों पर निगाह रखी जा रही है। इस बीच मुखबिर से खबर मिली कि बी भवानी एनएवी रोड पर कैरी बैग में गांजा रखकर बेचने के फिराक में खड़ी है। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित की। घेराबंदी कर महिला को पकड़ा। कैरी बैग की तलाशी लेने पर 2 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान एसीसीयू से प्रधान आरक्षक सगीर खान, आरक्षक रिंकू सोनी, अजय गहलोत, राकेश अन्ना, भावेश पटेल, एसआई सौमित्र भोई, आरक्षक झुमुक सिन्हा, पंकज सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## खुर्सीपार में सालों से बंद है वाटर एटीएम




हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मदर मार्केट वार्ड 38 खुर्सीपार में लगे 37 लाख का वाटर एटीएम सालों से बंद पड़ा है। जिसकी वजह से लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। मार्केट में आने वाले लोगों को निजी दुकानों से खरीद कर पानी पीना पड़ रहा है। इस मामले की शिकायत निगम आयुक्त से आप पार्टी ने की थी। सुधार नहीं होने से आप पार्टी ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

- आप पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी

#### राजस्व का हो रहा नुकसान

आम आदमी पार्टी भिलाई नगर विधानसभा के अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने भिलाई निगम आयुक्त लिखे पत्र में कहा है कि कांग्रेस -बीजेपी की भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण मदर मार्केट में लगा हुआ 37 लाख का वाटर एटीएम है।इस वाटर एटीएम का उपयोग जनता के द्वारा नहीं किया जा सका। जब से यह वाटर एटीएम लगा हैं तभी से यह बंद पड़ा है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी इस वाटर एटीएम को कंपनी के द्वारा चालू नहीं किया जा सका

मेहरबान सिंह ने बताया की वर्ष 2020-21 में इसकी निविदा से यह वाटर टीम लगाया गया था इसकी लागत 37 लाख 84,703 रुपए खर्च हुए थे निविदा शर्त के अनुसार 10 पैसे प्रति लीटर की दर से निगम को राजस्व की आय होनी थी लेकिन 37 लख रुपए भुगतान होने के बाद भी आज तक भिलाई निगम को एक 10 पैसे का भी राजस्व का प्राप्त नहीं हुआ है।

## सीओ व सीआरपी भी बनाएंगे अब 70 प्लस वृद्वजनों का आयुष्मान कार्ड




हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 70 प्लस से अधिक उम्र के वृद्वजनों का आयुष्मान कार्ड सीओ और सीआरपी भी बनाएंगे। भिलाई क्षेत्र में करीब 26 हजार बुजुर्ग हैं जो 70 वर्ष से अधिक आयु के हैं। प्रधानमंत्री द्वारा 70 प्लस के हितग्राहियों के लिए फ्री ईलाज की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए उन्हे स्वयं का आयुष्मान कार्ड बनाना होगा। आयुष्मान कार्ड बन जाने के बाद शासन द्वारा निर्धारित सभी बड़े अस्पतालों में जाकर इलाज करवा सकते है।

- भिलाई निगम के 26 हजार बुजुर्गों को मिलेगा नि :शुल्क इलाज

इसी को देखते हुए अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड जल्दी बन जाए। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने स्वयं सामुदायिक संगठक एवं स्थानीय स्त्रोत व्यक्ति की बैठक लेकर के उनको आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कि अपने वार्ड, मोहल्ले एवं कार्यस्थल क्षेत्र में जाकर 70 प्लस वृद्वजनो से संपर्क कर उनका आयुष्मान कार्ड बनावे। इसके लिए उन्हे मोबाईल में आई.डी. प्रदान की गई है।

#### मोबाइल से भी बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड

प्राप्त जानकारी के अनुसार 70 प्लस आयुष्मान कार्ड के आंनलाईन वेबसाईड में जाकर अपने परिवार के बच्चों के माध्यम से एड्रायड मोबाईल से आयुष्मान कार्ड बना सकते है। उसकी भी वैधता वहीं रहेगी। सभी वर्ग के लोग आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। यह सुविधा सबके लिए है। बैठक के दौरान जिले से देवेश द्विवेदी, नोडल अधिकारी अनिल सिंह, मिशन मैनेजर अमन पटले, सीओ, सीआरपी आदि उपस्थित रहे।

दुल्हे सजेंगे दुल्हे साहब में...
अब कीजिये शादियों और त्यौहारों की शॉपिंग दूल्हे साहब में



दुल्हे साहब ®
SUNDAY OPEN
मेन रोड कपड़ा मार्केट, पंडरी, गेट नं. 2 के सामने, रायपुर 6262333304
महालक्ष्मी मार्केट, पुलगांव चौक, दुर्ग 0788-296006, 88787 89995
जय स्तंभ चौक, राजनांदगांव 07744-469885, 88787 89993
CUSTOMER CARE NO: 18003099038
_dulhesahab_
• शेरवानी • कोटसूट • कुर्ता - पायजामा • इंडोवेस्टर्न • जोधपुरी • ब्लैजर • कैजुअल • फॉर्मल

हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 24 नवंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129





भारतीयता की झलक

## लाइव इवेंट

### सुराना कॉलेज वार्ड 40 में वोरा ने किया मितानिनों का सम्मान



**दुर्ग।** मितानिन दिवस पर वार्ड नंबर 40 में मितानिनों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पार्षद नजहत परवीन प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर मितानिनों को शाल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वोरा ने कहा कि समाज में मितानिनों के सराहनी योगदान को हम भुला नहीं सकते, क्योंकि मितानिन अपने कार्य और कर्तव्य प्रति पूरी लगन और जागरूकता से कार्य करती हैं। इसे देखकर छत्तीसगढ़ की तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने मितानिनों की मानदेय राशि 500 से बढ़ाकर 2200 रुपए की थी। पार्षद नजहत परवीन एवं शिवाकांत तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद अलताफ अहमद ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस के शहर महामंत्री हेमंत तिवारी, कोषाध्यक्ष गणेश सोनी, मितानिन हीराबाई देवांगन, कल्पना सोनी, पुष्पा राजपूत, राजलक्ष्मी सिन्हा, राधिका राजपूत, अंजना बरेकर, केसरी कोसरे, मंजू निषाद, मुक्ति मसीह, गायत्री सिन्हा,गायत्री यदु,सईदा बेगम,पद्मिनी डोंगरे सहित भारी संख्या में महिला गण उपस्थित थीं।

## सिटी इवेंट

### केंद्रीय गोंडवाना का युवक-यवती परिचय सम्मेलन 24 नवम्बर को

**दुर्ग।** केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़ के तत्वावधान में महिला एवं युवा प्रकोष्ठ द्वारा 24 नवम्बर को गोंडवाना भवन सिविल लाइन कसारीडीह दुर्ग में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। महासभा के अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने बताया कि सम्मेलन विगत 30 वर्षों से निरतंर किया जा रहा है, जिसका लाभ पालकों को मिल रहा है। समाज की मांग पर इस वर्ष भी आयोजन किया जा रहा है। समारोह में मुख्य रूप से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, शहर विधायक गजेन्द्र यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। उनके अलावा समाज से नीलकंठ गढ़ें, बिष्णुदेव ठाकुर, सीताराम ठाकुर, पीएल नेताम, राजकुमार ठाकुर, महिला प्रमुख डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, राजेश ठाकुर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष एमडी ठाकुर करेंगे। रविवार सुबह 10 बजे से गोंडवाना के ईस्ट देवी-देवता बूढ़ादेव, बूढ़ी दाई, कंकालिन दाई, कंचना धुरवा बाबा की पूजा अर्चना के साथ अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। युवक-युवतियों के पंजीयन और परिचय के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। अतिथियों के आगमन, स्वागत, समाज का प्रतिवेदन व सामाजिक पत्रिका गोंडवाना सगा का विमोचन होगा, इस सम्मेलन में खास तौर से पुनर्विवाह हेतु समाज के विधुर-विधवाओ को भी अवसर दिया गया है। यह जानकारी समाज के सीताराम ठाकुर और पीएल नेताम ने दी।

## सिटी इवेंट

### साहू समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज



**भिलाई।** जिला साहू संघ भिलाई की सामाजिक बैठक हुई। इसमें 24 नवंबर को नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 में आयोजित साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया गया। संघ के अध्यक्ष हरिद्वारिका साहू ने बताया कि 24 नवंबर को सुबह 11 बजे से साहू युवक युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू करेंगे। प्रमुख अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू व अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड दीपक साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नन्दलाल साहू, कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ खिलावन सिंह साहू हैं। इस मौके पर महिलाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित गया है। कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय देने वाली मांगलिक पत्रिका परिणय बंधन का विमोचन दोपहर 1 बजे अतिथिगण करेंगे।

**प्रतिभाओं को मिला सम्मान : कामधेनु यूनिवर्सिटी में इंटर कॉलेज युवा महोत्सव अंजोर-2024 का आयोजन**

# समूह नृत्य, कर्मा-ददरिया ने जमाया रंग, देशभक्ति गीत, क्ले मॉडलिंग, मोन एक्टिंग ने बटोरी वाहवाही

कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों के स्टूडेंट्स के लिए युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पारंपरिक नृत्य, संगीत, नाट्य कला, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, कार्टूनिंग, वाद-विवाद, पेंटिंग, समूह गायन, ललित कला तथा साहित्यिक कला का प्रदर्शन किया गया। साथ ही समूह नृत्य कर्मा, एकल, समूह तथा देशभक्ति गीत, पोस्टर मेकिंग, कार्टूनिंग, क्ले मॉडलिंग एवं मोनो एक्टिंग प्रस्तुत किए गए। कला और साहित्य को सहेजने और युवाओं में इसकी भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया। इसमें 8 कॉलेजों से 300 से ज्यादा स्टूडेंट्स शामिल हुए। आयोजन पहले इंटर कॉलेज स्तर पर हुआ, इसके बाद यूनिवर्सिटी स्तर पर प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया।




**भिलाई।** विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर इस अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव की शुरुआत की। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. नीलू गुप्ता ने पुष्पगुच्छ से अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्र-छात्राओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में अन्य रचनात्मक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण स्थान है। इससे विद्यार्थियों का समग्र विकास होता है। कुलपति डॉ. सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवावस्था विकास की अवस्था होती है। हर क्षेत्र में युवा शक्ति की आवश्यकता होती है। शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्रियां प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि युवाओं को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बनाना भी है। महाविद्यालय में इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ संगीत, चित्रकला, रंगमंच एवं साहित्यिक क्षमता व प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलता है। इस अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव में प्रतिभागियों द्वारा अपने हुनर का प्रदर्शन किया गया। आयोजन में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा प्रथम स्थान पर रहा।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता में मत्स्यिकीय कॉलेज ने मारी बाजी

आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रहसन, वाद-विवाद, स्किट, माइम एवं कोलाज में मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा को प्रथम स्थान प्राप्त किया। इलोक्यूशन में दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. आरके सोनवाणे, अधिष्ठाता एवं निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. संजय शाक्य, निदेशक शिक्षण डॉ. एसपाल, अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।समापन अवसर पर सभी विजेताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. केशर परवीन और धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा अधिकारी बरत सिंह दीवान ने प्रस्तुत किया।

### विजेता प्रतिभागियों को मिला सम्मान

करीब 10 दिनों तक चली इस प्रतियोगिता का समापन समारोह कामधेनु विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। इसमें विजेता टीमों को कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव अंजोर- 2024 का आयोजन किया गया। इस युवा महोत्सव में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा, दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर, स्व. पुनाराम निषाद मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा तथा पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।





# उरला में रामकथा...कलश यात्रा के साथ शुरुआत, समापन आज

**दुर्ग।** उरला में तीन दिवसीय संगीतमय रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा के साथ इसकी शुरुआत की गई। आयोजन के पहले दिन अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा आयोजन में शामिल हुए। रामकथा में प्रतिदिन कथा वाचक बाल ब्यास हरीश साहू द्वारा राम का बखान किया जा रहा है। हरि मानस, सरस्वती मानस, शारदा मानस परिवार के तत्वावधान में यह रामकथा आयोजित है। 24 नवंबर को रामकथा का समापन होगा। पहले दिन निकली कलश यात्रा ने नगर भ्रमण किया। कथवाचक बाल व्यास हरिश साहू के मुखारबिंद से श्री रामकथा के महत्व को बताया गया। साथ ही साथ भरद्वाज संवाद, सती मोह, नारद मोह, शिव विवाह के प्रसंग को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। विधायक कोर्सेवाड़ा ने कहा कि रामकथा के माध्यम से सामाजिक एवं सांस्कृतिक सदभावना जागृत होती है। इसके महत्व को समझते हुए ही हमारी छत्तीसगढ़ कि सरकार द्वारा रामलला योजना चलाई जा रही है। इसके माध्यम से अभी तक हजारों लोगों ने अयोध्या जाकर प्रभु श्री राम के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, ब्रम्ह कुमारी रवि बहन, शिवानी बहन ने भी सम्बोधित किया। आयोजन में पार्वती ढीढी, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सोहन साहू, रामकुमार साहू, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संजय मैथिल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

- विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा हुए शामिल, हर दिन राम का बखान




# साहू मित्र सभा का परिचय सम्मेलन 1 दिसंबर को

**भिलाई।** साहू मित्र सभा की बैठक में तय किया गया कि समाज के 21वां परिचय सम्मेलन 1 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। साहू सांस्कृतिक सदन सुपेला में दो सत्र में समारोह का आयोजन होगा। प्रथम सत्र की शुरुआत सुबह 10:30 बजे होगी। इसमें आमसभा का आयोजन किया जाएगा आमसभा में वार्षिक आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। इस सत्र में इकाई अध्यक्षों एवं इकाई की महिला संयोजिकाओं का सम्मान किया जाएगा। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। इस सत्र में समाज श्री सम्मान, उत्कृष्ठ इकाई सम्मान, उत्कृष्ठ महिला-पुरुष कार्यकर्ता सम्मान होगा। साथ ही साथ युवक -युवती अपनी प्रस्तुति देंगे। इस वर्ष प्रत्येक प्रतिभागी जो भी मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किया जाएगा। दूर -दराज से आ रहे प्रतिभागी एवं उनके परिवार की ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। परिचय सम्मेलन हेतु प्रतिभागियों का पंजीयन जारी है। विवाह योग्य युवक -युवती शीघ्र ही अपना पंजीयन कर परिचय सम्मेलन में सम्मिलित हो सकते हैं।



**सरकारी अस्पताल में बेहतर हो रही इलाज की सुविधा, एक्सपर्ट्स डॉक्टरों की भी ले रहे सेवाएं**

# सड़क हादसे में गाल की हड्डी बुरी तरह टूट गई, जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने पहली बार बिना निशान की जटिल सर्जरी की

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** जिला अस्पताल दुर्ग के दंत विभाग के डॉक्टरों ने सपर सर्जरी की है। 23 वर्षीय युवक की यह जटिल सर्जरी पूरी तरह सफल रही है। मरीज सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिससे उसके गाल की हड्डी बुरी तरह से टूट कर दब गई थी। इससे मरीज को काफी तकलीफ हो रही थी। मरीज को जांच के बाद सर्जरी के लिए तैयार किया गया। सर्जरी का नेतृत्व मैक्सिलोफ़ेशियल सर्जन डॉ. कामिनी डड़सेना ने किया। इसमें टीम के अन्य सदस्य डॉ. बसंत चौरसिया (एनेस्थेटिस्ट), डॉ. देवेंद्र साहू (मेडिकल स्पेशलिस्ट), शिबेन दानी और नसरीन (स्क्रब नर्स), युगल किशोर, मोतिन, लता (ओटी टेक्नीशियन), और चितरंजन (वार्ड बॉय) शामिल थे। घंटेभर से ज्यादा समय में सफर ऑपरेशन किया गया। बता दें कि सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं, लगातार रिफर किए जाने वाले मरीजों का इलाज और ऑपरेशन अब सरकारी सेटअप में भी संभव हो पा रहा है। जिला अस्पताल में दंत सेवाएं भी बेहतर हुई हैं। एक्सपर्ट्स डॉक्टरों के मार्गदर्शन में दंत रोग से जुड़ी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। इस सर्जरी से न केवल मरीज को दर्द से राहत मिली, बल्कि उसका चेहरा भी सामान्य स्थिति में आ गया है। यह जिला अस्पताल दुर्ग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।



### आंख के पास की हड्डी टुकड़ों में बंट गई थी, सफल ऑपरेशन

डॉक्टरों ने बताया कि इस सर्जरी में मरीज के गाल व आंख के पास की टुकड़ों में टूटी और दबी हुई हड्डी (ज़ाइगोमैटिकोमैक्सिलरी हड्डी) को ठीक किया गया। ऑपरेशन के दौरान आंख के पास की हड्डी (ऑर्बिटल रिम) को पुनर्निर्मित किया गया। गाल की हड्डी को ट्रांसकंजंक्टिवल अप्रोच से ऊठाया गया। यह प्रक्रिया पूरी तरह से निशान रहित थी। डॉ. कामिनी डड़सेना ने बताया कि यह सर्जरी बेहद चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि मरीज की उम्र बहुत कम थी। हमने ऑपरेशन के दौरान यह सुनिश्चित किया कि उसके चेहरे पर कोई भी निशान न बने। आंख के पास ऑपरेट करना जटिल होता है।

### शिशु रोग विभाग में राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह मनाया

जिला चिकित्सालय दुर्ग में शिशु रोग विभाग द्वारा अस्पताल के टीकाकरण स्टाफ एवं एनआरसी स्टाफ एस एनसीयू स्टाफ, मितानिन, गार्ड आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिशु रोग विभाग प्रमुख डॉ. आरके मल्होत्रा डीईआईसी इंचार्ज शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. समित प्रसाद, एसएनसीयू इंचार्ज शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वाय किरण द्वारा न्यू बोर्न केयर के अंतर्गत नवजात शिशु की देखभाल स्तनपान टीकाकरण एंटीबायोटिक का उपयोग नवजात शिशु में जन्मजात विकार विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला चिकित्सालय दुर्ग में 18 बेड एसएनसीयू है, जिसमें हर महीने करीब 170 बच्चे भर्ती होते हैं। जिला चिकित्सालय में प्रति माह लगभग 700 डिलीवरी होती है। इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू द्वारा बच्चों में होने वाले रोग एवं निदान के बारे में सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर ममता शर्मा, मंजू नागरे, उषा गुप्ता एवं अनीता वर्मा आदि उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

# प्राइमरी के बच्चों ने किया चर्च, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे का भ्रमण



**भिलाई।** 4 से 6 वर्ष के छोटे बच्चों में एकता, सहिष्णुता और आपसी सम्मान की भावना विकसित करने के साथ ही विभिन्न धर्मों के मूल सिद्धांतों और परंपराओं से परिचित कराने के उद्देश्य से शैक्षणिक दौरा कराया गया। मैत्री विद्या निकेतन, रिसाली के प्री-प्राइमरी छात्रों ने एक विशेष शैक्षणिक दौरे के तहत भिलाई के मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे का भ्रमण किया। इस दौरे के दौरान बच्चों को विभिन्न धर्मों के मूल सिद्धांतों और परंपराओं से परिचित कराना था, जिससे उनके भीतर एकता, सहिष्णुता और आपसी सम्मान की भावना विकसित हो सके। 4 से 6 वर्ष की आयु के इन बच्चों के साथ उनके शिक्षक भी शामिल हुए, जिन्होंने इस यात्रा को रोचक और ज्ञानवर्धक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह अनुभव बच्चों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक था, बल्कि उनकी जिज्ञासा और सीखने की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। इस शैक्षणिक पहल की जानकारी देते हुए मैत्री विद्या निकेतन की वाइस प्रिंसिपल डॉ. बीना सजीव ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों को छोटी उम्र में ही सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का महत्व सिखाने में मदद करती हैं।

## धर्म लाइव

# वाहेगुरु जी दी फतेह के जयकारे लगाते हुए की सेवकों ने की कारसेवा



**भिलाई।** गुरुद्वारा कैंप 1 श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में चल रहे बिल्डिंग निर्माण कार्य में आज कार सेवा की गयी। इस कारसेवा में यूथ सिख सेवा समिति के सदस्यों ने वाहेगुरु जी का खालसा वाहेगुरु जी दी फतेह के जयकारे लगाते हुए समाज के लिए धार्मिक सेवाकार्य किये। इस दौरान सभी ने आगे आने वाले सामाजिक कार्यो की योजना बनाई और अहम मुद्दों पर चर्चा भी की। इस अवसर पर अध्यक्ष इंदरजीत सिंह छोटू, जसवंत सिंह सैनी, मलकीत सिंह, रंजित सिंह, हरनेक सिंह सैनी, करमजीत सिंघ बेदी, पवितर सिंघ, सरवन सिंह सम्मी, विक्रम सिंह, सोम सिंह, मनमीत सिंह बेदी, हरपाल सिंह, गुरप्रीत सिंह हंस, मंजीत सिंघ, अवतार सिंह, जसदेव सिंघ जब्बल, निर्मल सिंह धारीवाल, इंदरजीत सिंह सैनी, जसबीर सिंघ वेगल, तरलोचन सिंघ सिद्धू, मनजीत सिंह, मनीष सहरन, हरप्रीत भाटिया, जसविंदर सिंघ, एचपी सिंह उप्पल, गुरमित सिंघ, परमजीत सिंघ गिल, निशांत सिंह, निर्मल सिंह, अमन सिंह, परमजीत सिंह, धरमवीर सिंह, हरजिंदर सिंह, कपिलदेव संगोत्रा, हाउसिंग बोर्ड गुरूद्वारा कमेटी, केम्प 1 गुरूद्वारा कमेटी, सुपेला गुरूद्वारा कमेटी के सदस्य, सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल, महासचिव गुरनाल सिंह सहित समस्त पदाधिकारी व सदस्य सम्मिलित हुए।

## समाज इवेंट

# हमारी भूमि हमारा भविष्य की थीम के पर चलेगा जागरूकता अभियान



**भिलाई।** नागरिकों को पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक के उद्देश्य से भिलाई इस्पात संयंत्र में इस वर्ष पर्यावरण जागरूकता माह के तहत 19 नवंबर से 18 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस आयोजन से लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा व कार्बन उत्सर्जन को कम करने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करने के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी कर्मचारियों, आम नागरिकों के बीच पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। हमारी भूमि हमारा भविष्य और एक पृथ्वी एक जीवन की थीम के साथ टीम एसएमएस–3 ने पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की शपथ लेते हुए मिशन लाइफ के माध्यम से महीने भर चलने वाले उत्सव का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित किया। इस अवसर पर मेसर्स इनोमोटिक्स और मेसर्स पीजीईपीएल के साइट इंचार्ज एवं विभाग के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए। स्टील मेल्टिंग 3 में पर्यावरण जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों की शुरुआत शुक्रवार को मिशन लाइफ शपथ और पर्यावरण माह समारोह के उद्घाटन कर की गई। शनिवार को पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया गया। जो सुबह 10.30 बजे डब्ल्यूबी 5 से कैंटीन तक रैंप के नीचे निकाली गई साथ ही, कैंटीन में भोजन की बर्बादी कम करने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाया गया। 26 नवम्बर को दोपहर 3 बजे कान्फ्रेंस हॉल में हमारी भूमि हमारा भविष्य विषय पर चर्चा आयोजित की जाएगी। अगले दिन पौधरोपण कार्यक्रम होगा। सभी कर्मचारियों के लिए पर्यावरण सुरक्षा पर एक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की जाएगी। 3 दिसम्बर को दो टीमों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। पर्यावरण माह का अंतिम कार्यक्रम 17 दिसम्बर को होगा।

● सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर में बड़े धूमधाम से श्री काल भैरव जयंती समारोह का आयोजन

# काल भैरव का विभिन्न द्रव्यों से किया अभिषेक शाम को 108 दीपों की पूजा थाल से हुई महाआरती

**दुर्ग।** ट्विनसिटी में कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन शनिवार को गंजपारा दुर्ग के सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर में काल भैरव जयंती विधि-विधान से पूजा अर्चना कर धूमधाम से मनाई गई। जिसमें विभिन्न धार्मिक आयोजन किये गए। सुबह काल भैरव का अभिषेक और शाम को 108 दीपों के साथ भव्य आरती कर महाभोग वितरित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग-भिलाई के भक्त सुबह से लेकर देर रात्रि तक हजारों की संख्या में मंदिर पहुंचे और आरती एवं अभिषेक में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण किया।

काल भैरव जयंती के अवसर पर मां दुर्गा मंदिर गंजपारा, दुर्ग में स्थापित मनोकामना सिद्ध श्री काल भैरव की मूर्ति का सुबह 10 बजे से महाभिषेक किया गया। अभिषेक में मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सुनील पांडेय द्वारा दूध, दही, विभिन्न प्रकार की औषधियों एवं सामाग्रियों से भैरव का अभिषेक कराया गया। अभिषेक के बाद पूजन एवं हवन कराया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई थी, आकर्षित फूलों से काल भैरव मंदिर को सजाया गया था और आरती पश्चात आतिशबाजी भी की गयी थी।





### महाआरती में हुए शामिल

आयोजन में योगेन्द्र शर्मा बंटी, नंदू ब्रम्हणे, राजू पुरोहित, दुर्गा अग्रवाल, निर्मल शर्मा, राजेश शर्मा, डब्बू चन्द्रवंशी, प्रकाश टावरी, महेश गुप्ता, राजेश शर्मा, अर्जित शुक्ला, राहुल शर्मा, प्रकाश सिन्हा, विकास पुरोहित, मयंक शर्मा, गोपाल शर्मा, गोविंद गुप्ता, आशीष मेश्राम, राकेश चक्रधारी, महेश गुप्ता, मनीष सेन, दुर्गा कश्यप, सुंदर निषाद, सोनल सेन, मिथला देवी शर्मा, चंदा शर्मा, सरिता शर्मा, चंचल शर्मा, मनोरमा शर्मा, चंचल ललित शर्मा, आभा शर्मा, सुमन शर्मा, कुंती यादव, लक्ष्मी यादव, ममता, राधा, संध्या वर्मा, अम्बिका पांडेय, शिल्पी शर्मा, कुलेश्वरी जायसवाल, पिंकी साहू, उर्वशी साहू, लक्ष्मी यादव सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु आरती में उस्थित थे।

### चालीसा का किया पाठ, गाये भजन

पूजन अभिषेक के मुख्य यजमान पार्षद इंद्राणी कुलेश्वर साहू सहित काफी संख्या में धर्मप्रेमियों की उपस्थिति रही। पूजन के बाद बाबा की आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। हवन पूजन के पश्चात शाम को महिला मण्डली द्वारा काल भैरव चालीसा पाठ सहित मधुर भजनों को गाकर पुरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।





**काल भैरव चालीसा का पाठ करने से होगी मनोकामना पूर्तिः** आयोजन के दौरान काल भैरव की महिमा का वर्णन करते हुए मंदिर के पुजारी सुनील पांडेय ने बताया कि काल भैरव जयंती से आने वाले 41 दिन तक काल भैरव चालीसा का पाठ करने एवं पूजन करने से विशेष फल की प्राप्ति एवं सभी मनोकामना पूर्ण होती है, कार्तिक माह की कालाष्टमी विशेष फलदायी होती है। कार्तिक कृष्ण पक्ष के आठवें दिन कालाष्टमी होती है जिसे काल भैरव जयंती भी कहते हैं। काल भैरव का स्वरूप विकराल एवं क्रोधी है। काल भैरव के एक हाथ में छड़ी होती हैं और उनका वाहन काला कुत्ता होता है इसलिए भैरव रूप में काले कुत्ते को भोजन करवाने का भी विशेष महत्व बताया जाता है।

### 108 दीपों की थाल के साथ हुई आरती

समिति के सुजल शर्मा ने बताया कि शाम 7.30 बजे काल भैरव की 108 दीपों एवं 108 पूजा थाल से महाआरती की गयी जिसमें सैकड़ो धर्मप्रेमी उपस्थित हुए और अपने हाथों में पूजा थाल लेकर भैरव बाबा की आरती किये। आरती पश्चात पुष्पांजलि दी गयी और भैरव बाबा का जयकारा लगाया। जिससे पूरे गंजपारा में भैरव बाबा की जय घोष गूंजता रहा। आरती के पश्चात प्रसादी का आयोजन रखा गया, जिसमे सभी को भैरव बाबा का विशेष प्रसाद खिचड़ी, कचौरी, मूंग बड़ा, बेसन लड्डू का वितरण किया गया।

## स्वास्थ्य जागरूकता

# परीक्षण शिविर में आवश्यक उपकरणों का किया वितरण




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोटेश्वर खदान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं आवश्यक उपकरणों के वितरण के लिए ग्राम पंचायत गैरतलाई, जिला-कटनी, मध्य प्रदेश में परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश सरकार के सामाजिक न्याय विभाग, जिला कटनी के तत्वावधान में शिविर का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर में चयनित दिव्यांगजनों को ट्राईसायकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, दृष्टि बाधित दिव्यांगजनों के लिए फोल्डिंग छड़ी, एम.एस.आई.ई.डी. किट, ट्राईपॉड, टेट्रापॉड, सर्वाइकल कालर, नी बेस आदि उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। सहायक उपकरण की सहायता से उन्हें अपने दैनिक जीवन को सुचारू रूप से जारी रखने में मदद मिलेगी।

### कराटे चैंपियनशिप का इंडिया टीम से राजेश करेंगे प्रतिनित्व



**भिलाई।** साउथ अफ्रीका के दुर्बन में आयोजित 11वीं कामनवेल्थ कराटे चैंपियनशिप में इंडिया टीम के लिए भिलाई के खिलाड़ी राजेश का चयन हुआ है। 28 व 29 नवंबर को दुर्बन साउथ अफ्रीका में आयोजित होने वाले इस चैंपियनशिप में इंडिया टीम में छत्तीसगढ़, भिलाई के एकमात्र खिलाड़ी राजेश शहीद पंकज विक्रम पुरस्कृत चयनित हुए हैं। इनके प्रशिक्षक वीर हनुमान सिंह पुरस्कृत रमेश द्वारा सेक्टर 5 इस्पात क्लब भिलाई में राजेश साउथ अफ्रीका में होने वाले चैंपियनशिप के लिए ट्रेनिंग दिये हैं। राजेश देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए आज भिलाई से रवाना हो गये है। सेक्टर 5 इस्पात क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, जनरल सेकेट्री मुकेश तिवारी, छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोशिएशन के सभी पदाधिकारियों एवं समाज के सभी लोगों ने राजेश को देश का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी है।

## धार्मिक आयोजन

# पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में आज दी जाएगी पूर्णाहूति





**भिलाई।** दो दिवसीय गायत्री यज्ञ का आयोजन गायत्री परिवार महिला मंडल सेक्टर-7 भिलाई द्वारा पानी टंकी दुर्गा मंच सेक्टर-7 में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के पहले दिन शनिवार की शाम 6 बजे प्रज्ञापुत्र चम्पेश्वर साहू, लेखराम साहू, डॉक्टर गोपाल साहू, वऊन कुमार साहू, डोमन लाल साहू की संगीत टीम द्वारा दीप यात्रा से किया गया। इसी कड़ी में आज सुबह 9 बजे से सबके मंगलमय जीवन, उज्जवल भविष्य सुख-शांति समृद्धि की भावना से वेद मंत्रो का सस्वर उच्चारण करते हुए 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में आहुति समर्पित की जाएगी। इस दौरान मुंडन, यज्ञोपवीत, दीक्षा, पुंसवन, नामकरण संस्कार भी संपन्न होंगे।

## रूंगटा पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय रूंगटा यूथ सम्मेलन का हुआ उद्घाटन

# छग के 26 स्कूलों और संस्थानों के 450 विद्यार्थी यूथ सम्मेलन में सीखेंगे अंतरराष्ट्रीय स्तर की गतिविधियां

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छात्रों को वैश्विक मुद्दों की समझ विकसित करने, नीति निर्माण की प्रक्रिया को समझाने और संयुक्त राष्ट्र के कार्यप्रणाली का अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से रुंगटा पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय रूंगटा यूथ सम्मेलन (मॉडल यूनाइटेड नेशंस) का फनोलॉजी- लर्निंग मेड फन के सहयोग से पहले एमयूएन, रूंगटा यूथ समिट का उद्घाटन शनिवार को अतिथियों द्वारा किया गया। इस शैक्षिक सम्मेलन में भिलाई-दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के 26 स्कूलों और संस्थानों के 450 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा, निर्देशक जवाहर सुरी सेठी, निर्देशक साकेत रूंगटा, प्राचार्य राजीव कुमार, उप प्रधानाचार्या आनंदित राय चौधरी उपस्थित थे।




### शिक्षाप्रद कार्यक्रमों से स्टूडेंट में बढ़ती है नेतृत्व क्षमता

छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विजय बघेल ने कहा कि एमयूएन जैसे कार्यक्रम न केवल छात्रों को वैश्विक मुद्दों की समझ विकसित करने में मदद करते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और कूटनीति के गुण भी उत्पन्न करते हैं। विशिष्ट अतिथि रिकेश सेन ने युवाओं को प्रेरित करते हुए अपने भाषण में कहा कि आज की युवा पीढ़ी कल का भविष्य है, शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा के अलावा इस तरह की गतिविधियों के द्वारा उनका चौतरफा विकास किया जा रहा है जो सराहनीय है। संस्था के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने कहा कि युवा पीढ़ी में हर चीज को सीखने का एक जोश होता है और जोश के साथ उनके अंदर एक शक्ति होती है जिससे वह हर नई कला को आसानी से सीख सकते है। सिर्फ जरूरत है सही समय पर उन्हें नई -नई कला सीखाने की। अंत में मुख्य अतिथियों को श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया और छात्रों को इस कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### यूथ सम्मेलन की दी जानकारी

आरपीएस के प्रिंसिपल राजीव कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि भिलाई में आयोजित एमयूएन सभी उपस्थित प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी दी। यूथ सम्मेलन के संचालक प्रथम प्रवीण डावर ने सभा में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए रूंगटा यूथ सम्मेलन से संबंधित विषयों की जानकारी दी। यूथ सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वैश्विक मुद्दों की समझ विकसित करना, नीति निर्माण की प्रक्रिया को समझना और संयुक्त राष्ट्र के कार्यप्रणाली का अनुभव प्रदान करना था। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर अंतरराष्ट्रीय प्रेस, लोकसभा, छत्तीसगढ़ विधानसभा, ऑल इंडिया एजुकेशन मीट के अतिरिक्त अनेक विषयों की जानकारी दी गई। इस कार्यशाला से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही गतिविधियों को समझने और उनके समाधान में अपने विचार प्रस्तुत करने का एक बेहतरीन मंच मिला है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्य सब जूनियर ताइक्वाडो में कोरबा, दुर्ग, रायपुर का दबदबा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ताइक्वाडो संघ और ज़िला ताईक्वाडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 20वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर ताईक्वाडो स्पर्धा का आयोज़न सीपेट भवन स्याहिमुडी कोरबा में किया जा रहा है। 22 से 24 नवम्बर तक चलने वाली प्रतियोगिता के मुक़ाबलों का शुभारंभ महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल , ज़िला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नोशाद ख़ान ने किया। उद्घाटन अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ताइक्वांडो खेल जीवन में अनुशासन सिखाता है। विशेष अतिथि हितानंद अग्रवाल ने कहा जिनका चयन नहीं हो पाया उनको अच्छी मेहनत कर के अगले प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार होना पड़ेगा। स्वागत उद्बोधन छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी ने दिया। अतिथियों को जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अखिल अग्रवाल सचिव लोकेश राठौर ने स्वागत कर इस स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर राज्य संघ के कोषाध्यक्ष महेश दास और दर्री के पार्षद अरुण वर्मा मंच पर थे। छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के महासचिव ने बताया कि हरियाणा के पंचकुला शहर में 29 नवम्बर से 1 दिसंबर तक 38वीं राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए जगह बनाने राज्य भर के 300 खिलाड़ी मेहनत कर रहे हैं उक्त प्रतियोगिता में 38 सदस्यीय दल छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा।

कार्यक्रम की एनटीपीसी जमनीपाली के प्रोजेक्ट हेड राजीव खन्ना ने प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपना लक्ष्य अवश्य निर्धारित करना चाहिए। प्रतियोगिता को सफल बनाने 12 निर्णायक एवं अनिल सिंह, अखिलेश, रामकिशन रजनी लहरे, नताशा, ललित जोगे, दुर्गेश माँझी, अशोक यादव, अंकित प्रजापति, अंकित रॉय, भागवत पांडे, विवेक मैत्री, आयुष राजपूत, लीला यादव स्नेहा साहू, सूरज सेन और योगेश श्रीवास का सराहनीय योगदान रहा।

### अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस में जारी है रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** 46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा का आगाज छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशकगण एसके कटियार और राजेश कुमार शुक्ला ने टेनिस कोर्ट में खेलकर किया। मुख्य अतिथि श्री कटियार ने कहा कि नौ राज्यों से आई विद्युत कंपनियों की टीमें अपने साथ भाईचारे का संदेश लेकर आई हैं, हर स्पर्धा में खिलाड़ियों में टीम भावना का गुण सर्वोपरि होता है, इसी टीम भावना को बढ़ाना इस अखिल भारतीय आयोजन का उद्देश्य है। उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक गण जेएस नेताम, एसके मनोठिया एवं एमएस चौहान उपस्थित थे। इस अवसर पर ओलंपियन दानिश मुजतबा को सम्मानित किया गया, वे उत्तरप्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड में खेल अधिकारी व मैनेजर के बतौर इस स्पर्धा में शामिल हो रहे हैं।

पहले दिन टीम इवेंट व सिंगल के कई राउंड में मैच हुए। जिसमें खिलाड़ियों ने पूरे दमखम के साथ खेल का प्रदर्शन किया। केरल और कर्नाटक के बीच हुए मुकाबले में केरल विजेता रही है। छत्तीसगढ़ और कोलकाता के बूच हुए मैच में छत्तीसगढ़ ने जीत दर्ज की। सेमी फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ और केरल के बीच मुकाबला हुआ है, जिसमें केरल फाइनल में पहुंच गई। वहीं आंध्रप्रदेश और असम के बीच हुए मुकाबले में असम विजयी रही। तेलंगाना और उत्तरप्रदेश के बीच हुए मुकाबले में उत्तरप्रदेश ने जीत दर्ज की। असम और उत्तरप्रदेश राज्य विद्युत मंडल की टीम कल सेमीफाइनल खेलेगी। समापन समारोह 25 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर उपस्थित रहेंगे। इस स्पर्धा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, असम, कर्नाकट, उत्तरप्रदेश, तमिलनाडू, केरल, कोलकाता, तेलंगाना राज्य से विद्युत कंपनियों की टीमें आईं हैं। उद्घाटन समारोह का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र ने किया।

### समय रहते लक्षणों को पहचान जाएं और शुरू करवा दें उपचार

# यूरिक एसिड के उच्च स्तर की पहचान करना आसान नहीं, चुनौती बन रहा हाइपरयूरिसीमिया

यूरिक एसिड शरीर का सामान्य अपशिष्ट उत्पाद है। व्यक्ति के खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से स्वास्थ्य पर काफी प्रभाव पड़ सकता है। यह आम स्थिति है, जिसे हाइपरयूरिसीमिया भी कहते हैं। इसके तुरंत लक्षणों का पता लगाना आसान नहीं होता, लेकिन लोगों की तंदुरुस्ती पर इसका लंबे समय तक काफी ज्यादा प्रभाव हो सकता है। अकसर देखने में आया है कि इसका निदान नहीं हो पाता, इसलिए हमें जोखिम के घटकों को पहचानने और जल्दी जांच कराने पर ज्यादा जोर देने की जरूरत है। हाइपरयूरिसीमिया भारत में एक लगातार बढ़ती चुनौती है।

### जोखिम के घटक की पहचान जरूरी

भारत में एबॅट के एसोसिएट मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. कार्तिक पीतांबरन के मुताबिक, यूरिक एसिड के उच्च स्तर से शरीर पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, लेकिन अधिकांश रोगियों में इसके लक्षण प्रकट नहीं होते हैं। इस कारण से लोगों के लिए जोखिम के घटक की पहचान करना और जल्द से जल्द खुद की जांच कराना जरूरी हो जाता है, ताकि वे समय पर इसका पता लगा सकें।

इसके हानिकारक प्रभावों से खुद को बचा सकें। अगर समय रहते इस बीमारी का पता लग जाता है, तो इससे संबंधित जटिलताओं के खतरे को भी कम किया जा सकता है। हमारी कोशिश है कि डॉक्टरों और रोगियों, दोनों को मदद पहुंचाने वाले समाधानों के द्वारा जांच एवं देखभाल की प्रक्रिया को सरल बनाने की है। इससे लोगों को अपना यूरिक एसिड का स्तर नियंत्रण में रखने के लिए सही जानकारी के साथ




उनका सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

### यूरिक एसिड के उच्च स्तर से स्थायी किडनी रोग

फोर्टिस हॉस्पिटल, दिल्ली के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. संजीव गुलाटी ने कहा, एक अध्ययन के अनुसार, डायबिटीज व हाइपरटेंशन या इन दोनों बीमारियों से पीड़ित रोगियों में से 30 फीसदी से अधिक हाइपरयूरिसीमिया होता है। यूरिक एसिड का उच्च स्तर स्थायी किडनी रोग और किडनी में तीव्र चोट के बढ़ने का भी कारण बन सकता है। हालांकि, अलाक्षणिक मामले निदान के बगैर गंभीर हो सकते हैं।

बढ़े यूरिक एसिड की जल्दी जांच और उचित प्रबंधन स्वास्थ्य के अच्छे प्रबंधन एवं सम्बंधित स्थितियों को रोकने या संभालने के लिए बेहद जरूरी हैं। आमतौर पर, दोनों किडनी शरीर में उत्पन्न होने वाले यूरिक एसिड का 60 फीसदी से 65 फीसदी प्रभाव हटाती हैं, जो पेशाब के दौरान रक्तप्रवाह से छन कर बाहर निकल जाता है। बाकी बचा हुआ यूरिक एसिड आंतों और पित्त (बाइल) के रास्ते निकलता है। जब बहुत ज्यादा यूरिक एसिड बनने लगता है या उचित ढंग से उत्सर्जित नहीं होता है, तब समस्या हो सकती है। इसके परिणामस्वरूप क्रिस्टल जमा होने लगते हैं, जिससे शरीर के जोड़ों में या किडनी में एकत्र होकर गठिया (अर्थराइटिस का एक कष्टदायक रूप), किडनी में पथरी (किडनी स्टोन) या स्वास्थ्य की दूसरी जटिलताएं सामने आने लगती हैं।

### यूरिक एसिड का सामान्य निष्कासन बाधित

यह समस्या कितनी आम है, अध्ययन बताते हैं कि हाइपरयूरिसीमिया भारत में लगातार बढ़ती एक गंभीर चुनौती है। भारत के विभिन्न राज्यों में इसकी व्यापकता अलग-अलग है। कुछ क्षेत्रों में तो यह प्रतिशतत्ता 47.2 तक है। उच्च यूरिक एसिड, पुरुषों और बुजुर्गों सहित कुछ खास आबादी में विशेष रूप से आम है। खून में यूरिक एसिड का बढ़ा हुआ स्तर किडनी, जठरांत्र और हॉर्मोन से सम्बंधित रोगों का कारण बन सकता है। इसके चलते शरीर से यूरिक एसिड का सामान्य निष्कासन बाधित हो जाता है। अत्यधिक फैटी मीट्स, सीफूड, अल्कोहल, सूखे बींस और मटर का, सेब, तरबूज आदि जैसे फ्रक्टोज से भरपूर फल, जिनमें प्राकृतिक रूप से ज्यादा शुगर होती है, का सेवन करने पर भी यूरिक एसिड का स्तर बढ़ सकता है।

### कैसे करें हाइपरयूरिसीमिया की पहचान?

कुछ लोगों में यूरिक एसिड का स्तर ज्यादा होने पर जोड़ों में तेज दर्द, कोमलता, लालिमा या सूजन हो सकती है। जब यूरिक एसिड का उच्च स्तर किडनी में पथरी का रूप ले लेता है, तब पीठ के एक या दोनों ओर निचले हिस्से में या पेट में दर्द, मितली, पेशाब करते समय कठिनाई व दर्द जैसे लक्षण भी हो सकते हैं।



## शुरू हुआ मार्गशीर्ष मास, श्रीकृष्ण की कृपा पाने के लिए करें ये उपाय

मार्गशीर्ष माह की शुरुआत 22 नवंबर को हो गई है। इस माह में श्री कृष्ण का ध्यान और उपासना सच्चे मन से करने पर सभी पापों से मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही अमोघ फल की प्राप्ति होती है। गीता में लिखा है कि-₹बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम्। मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकर₹ सनातन धर्म में मार्गशीर्ष माह का धार्मिक महत्व है। लोकभाषा में इस माह को अगहन भी कहा जाता हैं। ये माह भगवान श्रीकृष्ण का प्रिय है। कार्तिक पूर्णिमा के खत्म होने के बाद से ही मार्गशीर्ष माह की शुरुआत हो जाती है। मार्गशीर्ष माह की शुरुआत 28 नवंबर 2023 को हो रही है। इस माह में श्री कृष्ण का ध्यान और उपासना सच्चे मन से करने पर सभी पापों से मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही अमोघ फल की प्राप्ति होती है। गीता में लिखा है कि-₹बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम्। मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकर₹ अर्थात - ₹मैं सामों में बृहत्साम, छन्दों में गायत्री, मासों में मार्गशीर्ष और ऋतुओं में वसन्त ऋतु मैं हूँ।₹ इस श्लोक के माध्यम से श्रीकृष्ण ने स्वंय को मार्गशीर्ष महीना बताया है। स्कंदपुराण के अनुसार,भगवान की कृपा प्राप्त करने की कामना रखने वाले श्रद्धालुओं को अगहन मास में कुछ धार्मिक नियमों का पालन करना चाहिए।

### ब्रह्ममुहूर्त में स्नान-



इस माह में किए गए व्रत-उपवास से भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त होती है।पुराणों के अनुसार इस महीने कम से कम तीन दिन तक ब्रह्म मुहूर्त में किसी पवित्र नदी में स्नान करने से प्राणी की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। स्त्रियों के लिए यह स्नान उनके पति की लंबी उम्र और अच्छा स्वास्थ्य देने वाला माना गया है।

### श्री कृष्ण की पूजा-

मार्गशीर्ष मास में नाना प्रकार के पुष्पों,ऋतु फल, उत्तम नैवेद्यों,धूपों तथा आरती आदि के द्वारा प्रसन्नता पूर्वक श्री जनार्दन का पूजन करके सभी सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। भगवान श्रीकृष्ण को माखन-मिश्री अत्यंत प्रिय है। इसलिए उन्हें रोजाना तुलसी दल डालकर माखन मिश्री का भोग लगाएं इससे भगवान श्रीकृष्ण आपकी हर विपदा को दूर करेंगे।

### शंख पूजन-



इस महीने में शंख पूजन का विशेष महत्व है। साधारण शंख को श्रीकृष्ण को पाञ्चजन्य शंख के समान समझकर उसकी पूजा करने से सुख-सौभाग्य प्राप्त होता है।शंख में गंगाजल भरकर भगवान की आरती के बाद इस जल को पूरे घर में छिड़क दें। ऐसा करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी, जिससे घर में सुख-समृद्धि आएगी।

### मंत्र साधना-

अगहन मास में जप,तप,ध्यान एवं दान करना शीघ्र फलदाई माना गया है। भगवान श्री कृष्ण की भक्ति और उनके मंत्रों का जाप करना इस माह में बहुत पुण्यदायी है।ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' एक चमत्कारी मंत्र है। इस मंत्र का मार्गशीर्ष माह में जरूर जाप करें। संतान से जुडी हर परेशानी को दूर करने के लिए मार्गशीर्ष माह में कृं कृष्णाय नमः मंत्र का दिन में 108 बार जप करना लाभकारी रहेगा।

## बची रोटी से झटपट बनाएं समोसा

कई बार ऐसा होता है कि जब आप रोटी बना कर रखती हैं तो वो बच जाती हैं। ऐसे में इसे फेंकने का मन भी नहीं करता। ऐसे में आप बची हुई रोटी से जब समोसे बनाएंगे तो ये खाने में भी काफी टेस्टी लगेंगे और इसे खाने से ज्यादा नुकसान भी नहीं होगा तो आइए देर ना करते हुए आपको बची हुई रोटियों से समोसे बनाना सिखाते हैं।

रोटी के समोसा बनाने के लिए सबसे पहले आप आलू उबाल कर इन्हें ठंडा कर लें। अब इसका छिलका उतार करके अच्छी तरह से मैश कर लें। इसके बाद एक कड़ाही में तेल डाल कर उसमें कलौंजी और हरी मिर्च डालकर कुछ सेकेंड कर भूनें। इसके बाद मसला हुआ आलू कड़ाही में डालें और उसे चम्मच की मदद से चलाते हुए फ्राई करें। इसे कुछ मिनट तक अच्छे से भूनें।

इसके बाद अब इसमें सभी मसाले और नमक डाल कर अच्छे से मिला लें। जब ये तैयार हो जाए तो इसके ऊपर धनिए की पत्तियां डालें। अब इसे अलग रख कर ठंडा कर लें।

समोसे को चिपकाने के लिए बेसन का गाढ़ा घोल तैयार करें। इसके बाद रोटी को बीच से काट लें। अब एक टुकड़ा लेकर इसका कोन बनाएं और इसमें आलू की फिलिंग भरें। लास्ट में इसे समोसे का आकार देकर बेसन के घोल की मदद से चिपका दें। अब एक कड़ाही तेल गर्म करके उसमें रोटी समोसा को डालकर डीप फ्राई करें। इसे चटनी के साथ गर्मागर्म ही परोसें।



## क्या घर में लगा सकते हैं रुद्राक्ष का तोरण?



वास्तु शास्त्र के अनुसार जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कई नियमों के बारे में बताया गया है। अगर इन नियमों को अनदेखी करें, तो इससे वास्तुदोष उत्पन्न हो सकता है और कई तरह की परेशानियां भी झेलनी पड़ जाती है।

वहीं आपने हर व्यक्ति के घर के दरवाजे पर किसी न किसी चीज से बना तोरण जरूर देखा होगा। जिसका अलग-अलग महत्व है। कुछ लोग आम के पत्ते का तोरण, तो फूलों का तोरण लगाते हैं, लेकिन क्या आपने कभी रुद्राक्ष का तोरण लगे देखा है।

आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि क्या रुद्राक्ष से बना हुआ तोरण लगाया जा सकता है।

घर के दरवाजे पर रुद्राक्ष का तोरण लगाना बेहद शुभ माना जाता है। इसे घर में लगाने से कभी नकारात्मक शक्तियों का आगमन नहीं होता है और व्यक्ति को कभी किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। घर के दरवाजे पर रुद्राक्ष का तोरण लगाने से व्यक्ति को सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है और धन का भी आगमन होता है।

### रुद्राक्ष का तोरण घर के सदस्यों के स्वास्थ्य के लिए है शुभ

अगर घर के परिवार का कोई भी सदस्य बीमार रहता है, तो रुद्राक्ष का तोरण जरूर लगाना चाहिए। इससे व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है और शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

### रुद्राक्ष का तोरण भगवान शिव का है प्रतीक


हिंदू धर्म में रुद्राक्ष भगवान शिव को बेहद प्रिय है। इसलिए अगर आप रुद्राक्ष का तोरण लगा रहे हैं, तो एकमुखी रुद्राक्ष लगाएं। ऐसा करने से व्यक्ति को सभी पापों से छुटकारा और चिंता से मुक्ति मिल सकती है। साथ ही माता लक्ष्मी (मां लक्ष्मी मंत्र) की प्राप्ति हो सकती है।

**कार्नर न्यूज**

### आज हर वर्ग की पसंद बन रहा स्किपिंग रोप एक्सरसाइज

# स्किपिंग रोप एक्सरसाइज से मिलती है फिटनेस जल्दबाजी नहीं सावधानी के साथ अपनाएं इसे

फिट रहने के लिए हम सभी तरह-तरह की एक्सरसाइज करते हैं। आमतौर पर, ऐसे फिटनेस रूटीन को फॉलो करने की सलाह दी जाती है, जिसमें खुद को काफी मजा भी आए। हर व्यक्ति अपनी पसंद के अनुसार फिटनेस रूटीन को फॉलो करता है। किसी को योगा करना अच्छा लगता है तो किसी को कार्डियो। लेकिन स्किपिंग रोप या रस्सी कूदना एक ऐसा वर्कआउट है, जो हर किसी को ही पसंद आता है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो बचपन में भी रस्सी कूदा करते थे। बचपन का खेल अब उन्हें खुद को फिट रखने का एक बेहतरीन तरीका महसूस होता है। यकीनन रस्सी कूदना एक बेहतरीन एक्सरसाइज है। लेकिन इसे सही तरह से किया जाना बेहद जरूरी है। अक्सर लोग रस्सी कूदते हुए कुछ छोटी-छोटी गलतियां करते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-



### हाथों को बहुत अधिक हिलाना

अक्सर लोग रस्सी कूदते हुए अपने हाथों की मूवमेंट बहुत अधिक करते हैं। खासतौर से, अगर आप एक बिगनर हैं, तो यह संभव है कि रस्सी कूदते समय आप अपनी कोहनी या कंधों को बहुत अधिक मूव करें। यह न केवल अप्रभावी है, बल्कि अत्यधिक थका देने वाला भी है। इसलिए, जब भी रस्सी कूदें तो कोशिश करें कि आइने के सामने खड़े होकर ही करें। इससे आपको अपने बॉडी मूवमेंट को मॉनिटर करने में काफी मदद मिलेगी। याद रखें कि आपके आर्म्स अधिकतर स्थिर रहने चाहिए और ज्यादातर मूवमेंट कलाइयों से होनी चाहिए।

### बहुत ऊंचा कूदना

यह एक आम गलती है जो अमूमन लोग रस्सी कूदते हुए करते हैं। जब हम बिगनर होते हैं, तो बहुत ऊंचा कूदने की कोशिश करते हैं, ताकि रस्सी पैरों के बीच में ना फंसे। लेकिन वास्तव में ऐसा करना सही नहीं माना जाता है। जब आप बहुत ऊंचा कूदते हैं तो इससे आप बार-बार अटकते हैं। इतना ही नहीं, इससे पैरों पर अतिरिक्त जोर पड़ता है और आप खुद को जल्दी थका देते हैं। बेसिक जंप के लिए आपको ज़मीन से केवल 1-2 इंच या उससे कम ऊपर उठना चाहिए। इस दौरान आपके घुटने ऊपर नहीं आने चाहिए।

### सही तरह से वार्मअप ना करना



यूं तो वर्कआउट शुरू करने से पहले हमेशा ही वार्मअप किया जाना चाहिए। लेकिन रस्सी कूदते समय इसका ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। कुछ लोग समय बचाने के चक्कर में वार्म अप नहीं करते हैं या फिर बहुत कम करते हैं। सही तरह से वार्मअप के बिना कूदने से चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए, इससे पहले आप जंपिंग जैक या जॉगिंग जैसे हल्के व्यायामों में कुछ मिनट बिताएं।

### एंडवास तरीके से रस्सी कूदना

जब आप स्किपिंग रोप एक्सरसाइजकरते हैं तो इसमें कई वैरिएशन किए जा सकते हैं। आप अपनी प्रैक्टिस व लेवल को ध्यान में रखते हुए इसमें वैरिएशन कर सकते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो बिगनर होते हैं, लेकिन दूसरों की देखा-देखी डबल-अंडर या क्रॉसओवर जैसे कॉम्पलेक्स मूव्स करने लगते हैं। अगर आप एकदम से एडवांस मूव्स करते हैं तो इससे आपको चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डिज्नी के 2026 की रिलीज स्लेट से बाहर हुई 'स्टार वार्स', शामिल किया 'आइस एज 6' को

'स्टार वार्स' दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय रही है। इसकी अगली किस्त 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज को



टाल दिया गया है। दरअसल, डिज्नी ने 2026 की रिलीज स्लेट से एक बिना शीर्षक वाली 'स्टार वार्स' फिल्म को हटा दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्टार वार्स फिल्म को पहले 18 दिसंबर, 2026 को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब इसे रिलीज स्लेट से हटा दिया गया है। हालांकि, अब 'स्टार वार्स' फिल्म की जगह अब किसी दूसरी फिल्म ने जगह बना ली है। अब 'आइस एज 6' इसकी जगह लेगी। उस तारीख के लिए शुरू में तय की गई स्टार वार्स फिल्म के विवरण का खुलासा नहीं किया गया था। पिछले हफ्ते डिज्नी ने घोषणा की थी कि साइमन किनबर्ग को स्टार वार्स ट्रायलॉजी लिखने और बनाने के लिए लाया गया है। लुकासफिल्म की अध्यक्ष कैथलीन कैनेडी भी ट्रायलॉजी का निर्माण करेंगी, उस समय रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि फिल्मों में नए किरदार शामिल होंगे और यह पिछली स्काईवॉकर सागा की निरंतरता नहीं होगी, जो कि साइंस-फिक्शन फिल्म फ्रेंचाइजी के एपिसोड एक से नौ तक फैली हुई थी। डेजी रिडले का किरदार रे स्काईवॉकर एक अलग स्टार वार्स फिल्म का केंद्र बिंदु है, जिस पर निर्देशक शर्मीन ओबैद-चिनॉय सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का पहली बार अप्रैल 2023 में लंदन में स्टार वार्स सेलिब्रेशन में जिक्र किया गया था।

### टॉलीवुड

## नयनतारा-विग्नेश खड़े रहे आधे घंटे तक कतार में, भीड़ में नहीं पहचान पाए लोग

मशहूर अभिनेत्री नयनतारा ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनाया है। अभिनेत्री ने इस खास दिन को काफी सादगी से मनाने का प्लान किया। अभिनेत्री के



पति और फिल्ममेकर विग्नेश शिवन ने जन्मदिन की एक झलक साझा। कपल ने कनॉट प्लेस के एक लोकल रेस्टोरेंट में डिनर किया। विग्नेश ने अपनी पोस्ट में खुलासा किया कि वह 30 मिनट तक रेस्टोरेंट के बाहर कतार में खड़े रहे और लोगों का उन पर ध्यान नहीं गया। वीडियो में उन्हें लाइन में खड़े होकर लोगों का ध्यान आकर्षित किए बिना अपने भोजन का आनंद लेते हुए देखा गया। अभिनेत्री नयनतारा ने 18 नवंबर को दिल्ली में फिल्म निर्माता-पति विग्नेश शिवन के साथ अपना जन्मदिन मनाया। शुक्रवार को, विग्नेश ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया और बताया कि उन्होंने नयनतारा का जन्मदिन कैसे मनाया। कपल ने दिल्ली के कनॉट प्लेस के एक लोकल रेस्टोरेंट में भोजन किया। विग्नेश ने खुलासा किया कि वह 30 मिनट तक रेस्टोरेंट के बाहर कतार में खड़े रहे और आसपास के लोगों ने उन पर ध्यान नहीं दिया। विग्नेश और नयनतारा का ये वीडियो काफी तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दोनों को किसी आम व्यक्ति की तरह लाइन में खड़े देखा जा सकता है और बाद में बिना किसी का ध्यान आकर्षित किए अपने भोजन का आनंद लेते हुए भी दोनों नजर आएं। वीडियो के साथ विग्नेश ने लिखा, ₹17 नवंबर को इतने वर्षों में सबसे छोटे जन्मदिन का जन्मदिन की पूर्व संध्या पर डिनर वाकई बहुत खुशनुमा, निजी, अंतरंग और बहुत स्वादिष्ट लगा। इस पल को कैद करने में मदद करने वाले एक प्यारे अजनबी का शुक्रिया।" विग्नेश द्वारा पोस्ट साझा करने के तुरंत बाद, प्रशंसकों ने उनकी सादगी की प्रशंसा की और साउथ फिल्म इंडस्ट्री में सबसे पसंदीदा जोड़ों में से एक बताया।

### भोजपुरी

## शारदा को हो गया था मौत का आभास खिड़की पर चिड़िया से कर रही थीं बात

बिहार की सुप्रसिद्ध लोकगायिका शारदा सिन्हा अब हमारे बीच नहीं हैं। जिनकी आवाज ही छठ जैसे महापर्व की पहचान होती



थी, उनका निधन इस साल ठीक छठ के मौके पर हुआ। पिछले काफी समय से बीमार शारदा सिन्हा दिल्ली के एम्स में हॉस्पिटलाइज थीं और 5 नवंबर को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। हालांकि, कहते हैं कि अंतिम वक्त से पहले लोगों को इस बात का एहसास हो जाता है और उनके साथ भी वही हुआ था। शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमन ने बताया है कि कैसे उनकी मां को 54 घंटे पहले इस बात का पूर्वाभास हो गया था कि अब आखिरी वक्त आ गया है। अंशुमन ने उस मैना का किस्सा सुनाया जो आखिरी समय में हॉस्पिटल में उनके बेड के पास खिड़की पर आकर बैठी थी। अंशुमन ने बताया, 'उनके बेड के पास खिड़की पर बैठी मैना तो देखकर वो (शारदा सिन्हा) कह रही थीं कि हमको भी तुम्हारे पास आना है। जैसे वो मैना उनको लेने के लिए आई हो। फिर एक और मैना वहां पर आ जाता है और वो जो पेयर था दोनों का वो पिताजी को पूरी तरह से इंडिकेट कर रहा था वहां पर। वो उन दोनों पक्षियों के प्रेम को भी देख रही हैं और संवाद भी कर रही हैं उनसे कि हमको भी तुम्हारे पास आना है।' अंशुमन ने बताया कि मां उस पक्षी से कह रही थीं, 'बात करने आई हो हमसे? क्या बोलती हो? गप्प करे ल आएला हन। हां हो? ये सब सवाल वो उससे पूछ रही हैं।

### भारतीयता की झलक




इस साल लैक्मे फैशन वीक में असली शो टॉपर डिजाइनर असीम और पूजा रहे। भारतीय साधुनओं से प्रेरित इनका कलेक्शन ₹अंबीर₹ भारतीयता का एहसास देता है। इनकी डिज़ाइन किसी भी परिधान को एक आकर्षक लुक देती हैं, जैसे कि या तो आगे की तरफ़ ज़्यादा ऊँचाई हो या पीछे की तरफ़ ज़्यादा ऊँचाई हो। असीम और पूजा की यह डिजाइन दर्शकों ने खूब पसंद की।

## बालों की कई परेशानियों को दूर करता है दही, जानें इसके इस्तेमाल का सही तरीका




जिस तरह से दही का सेवन लोगों के शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है, ठीक उसी तरह से दही से इस्तेमाल से आप अपने बालों की कई परेशानियों को दूर कर सकती है। दही में कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन बी5 और विटामिन डी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इसका इस्तेमाल बालों के लिए किसी भी वरदान से कम नही हैं।

अगर आपके बालों में डैंड्रफ की समस्या है तो आप इसके लिए दही का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको दही में दो चम्मच एलोवेरा जेल मिलाना है और साथ में नींबू के रस की कुछ बूंदों को डालना है। इस मास्क को अपने स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं। सूख जाने के बाद अपने बालों को अच्छे से धो लें। कुछ दिन बाद आपको इसका असर दिखने लगेगा। अगर आप चाहते हैं कि आपके बाल मजबूत बने रहे तो हफ्ते में दो बार घर पर बना ताजा दही बालों पर लगाएं। इसे अपनी स्कैल्प से लेकर बालों के अंत तक अच्छे से लगाएं। दही के इस्तेमाल से आपके बालों में प्रोटीन की कमी पूरी होती है। अगर आपके बाल काफी ज्यादा झड़ रहे हैं तो दही और मेथी का पेस्ट बनाकर आप बालों में लगा सकती हैं। इसको बनाने के लिए आपको मेथी को रात भर भिगो कर रखना है। मेथी को पीस कर इसे दही में मिलाएं। अब इसे अपनी स्कैल्प पर लगाएं और कुछ समय बाद बालों को धो लें।

## जीतना है ससुराल वालों का दिल तो शादी के बाद पहनें ऐसी साड़ियां





शादी के दिन हर लड़की और लड़के के लिए बेहद अहम होता है। लड़कों की जिंदगी में तो इस दिन के बाद ज्यादा कुछ खास बदलाव नहीं आते, लेकिन दिक्कत तो लड़कियों के सामने खड़ी होती है। लड़कियों को शादी के बाद अपना माता पिता तक का घर छोड़ कर अपने पति के घर रहने के लिए जाना होता है। नए घर में सभी ससुराल वालों को खुश करने के लिए लड़कियां काफी मेहनत करती हैं क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि शादी के बाद शुरुआत से ही अगर ससुराल वालों के साथ रिश्ता मजबूत हो जाए तो किसी तरह की परेशानी सामने नहीं आती। ऐसे में लड़कियां अपने ससुराल वालों का दिल जीतने के लिए काफी कोशिश करती हैं। वैसे तो इसके कई तरीके हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि अच्छे से सज-संवर कर भी आप अपने घरवालों का दिल जीत सकती हैं। जी हां, अगर आप अपने ससुराल में तरह-तरह की साड़ियां पहनकर तैयार होंगी, तो आपके घर वाले इससे जरूर खुश होंगे। आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं, कि नई दुल्हनों के ऊपर कैसी साड़ियां अच्छी लगती हैं।

### बनारसी साड़ी

ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

### चिकनकारी साड़ी

अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं। ऐसे में ये आजकल की लड़कियों को काफी पसंद भी आती है।

### कांजीवरम सिल्क

नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं।

## ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो ऐसे करें सुधार



घर पर बियर्ड ट्रिमिंग करना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन ऐसा करते हुए इसमें गलतियां कर देना बड़ी बात है। कुछ गलतियां तो इतनी बड़ी होती हैं कि आपका लुक ही बिगाड़ देती हैं।

इसलिए जरूरी है कि कॉमन गलतियों को पहचान लिया जाए। पहचान लिया जाए कि कौन सी गलतियां लोग आमतौर पर करते हैं ताकि आप वो गलती बिल्कुल न करें और आपका बियर्ड लुक न बिगड़ें। कौन-कौन सी हैं बियर्ड ट्रिमिंग से जुड़ी गलतियां जान लेते हैं-

### ट्रिमिंग कब करें

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है।

### गर्दन और कलम के बाल

बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें।

### बहुत छोटी मूंछ

मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है। इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।

### होंठों के किनारे

मूंछें होंठों के किनारों पर अक्सर कम होती हैं। ट्रिम करते हुए इन बालों का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि अगर पूरी मूंछ एक जैसी ट्रिम करेंगे तो इन किनारों पर और भी छोटी हो जाएगी।

## ड्रेस के साथ बूट पहनते वक्त इन बातों का जरूर रखें ख्याल



बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।

### हील्स वाले बूट्स

अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

### ऐसे कैरी करें थाई बूट्स

शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

### एंकल बूट्स


आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

### कार्नर न्यूज

### प्रोफेशनल लुक बेहतर हो तो कान्फिडेंस भी आता है भरपूर

## ऑफिस के लिए ड्रेसिंग होनी चाहिए 'राइट' इन टिप्स को स्टाइल में जरूर करें शामिल

*ऑफिस ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? आप कहेंगे प्रोफेशनल लुक के लिए बस फॉर्मल कपड़े और जूते काफी हैं। लेकिन हम कहेंगे 5 टिप्स और जोड़िए आपनी ऑफिस ड्रेसिंग में।ये वो टिप्स हैं जो आपके लुक को फुल मार्क्स दिलाने में मदद करेंगे। ये वो टिप्स हैं जो आपको ऑफिस में लुक्स के मामले में पीछे नहीं रहने देंगे। लुक्स अच्छे होंगे तो आपका कॉन्फिडेंस भी मजबूत होगा। ऑफिस ड्रेसिंग में किन खास बातों का रखा जाना चाहिए ध्यान जानते हैं-*



### अपने लिए लेवल तय करें

आप भले ही ऑफिस में बड़े अधिकारी नहीं हैं। लेकिन फिर भी कपड़ों को बिलकुल परफेक्ट करके जाना भी ऑफिस ड्रेसिंग का जरूरी हिस्सा है। दरअसल कई लोग अपने पोजिशन के हिसाब से कपड़े पहनते हैं। मगर अच्छे कपड़ों में तैयार रहना बॉस के सामने आपकी पहली इमेज तो अच्छी बना ही देता है। उनको ये मैसेज मिल जाएगा कि आप आगे बढ़ने के लिए यहां आए हैं।

### दूसरों से अलग क्या

ऑफिस में दूसरों से अलग क्या पहनते हैं आप? शायद आपके पास इसका जवाब नहीं होगा। मगर सुझाव ये है कि आप ऑफिस के अपने कलीग के लुक्स पर ध्यान दीजिए। वो कौन से प्रिंट, पैटर्न और रंग पहनने हैं, इसको समझिए।

अब आपको इन सबसे अलग ही कुछ पहनना है। ताकि आप बिलकुल अलग दिखें। याद रखिए कि अलग दिखने का मतलब ये भी नहीं है कि आप कुछ भी पहन लें।

### ऑफिस इंटीरियर के रंग

आपके ऑफिस में कैसा इंटीरियर किया गया है, ये तो आप जानते ही हैं। अब इन रंगों में से कुछ भी अपनी ड्रेसिंग के लिए ना लें।

ब्लू, ग्रीन, ब्राउन और ग्रे के शेड वाले कॉर्पोरेट रंगों से मैच करते हुए कपड़े चुनिए। बहुत ब्राइट कलर न चुनें।

### क्वालिटी है जरूरी

आप पूरे हफ्ते में कितने कपड़े बदलते हैं, इससे ज्यादा जरूरी है कि आप किस क्वालिटी के कपड़े पहनते हैं। ऐसे कपड़े चुनिए जो अच्छे से फिट होते हों और आपके साइज के भी हों।

